संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -03 शुक्रवार ,03 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रुपये

# ED का अफसर घूस लेते हुए पकड़ाया

## चिटफंड कंपनी के केस में उनकी सम्पत्ति अटैच नहीं करने की एवज में ये रुपये मांगे जा रहे थे

### ईडी का अफसर 15 लाख की रिश्वत लेते किया गया ट्रैप

**जयपुर,02 नवम्बर 2023(ए)।** देश के अनेक राज्यों में तहलका मचा रही केंद्रीय एजेंसी ईडी के अफसर भी घूस लेते पकड़े जा रहे हैं। राजस्थान में एसीबी ने ईडी के अधिकारी नवल किशोर मीणा को ट्रैप किया है। एसीबी ने दलाल बाबूलाल को 15 लाख की घूस लेते गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर के कई ठिकानों पर एसीबी कार्रवाई कर रही है। एसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। एसीबी की कई जगहों पर कार्रवाई जारी है।



### अलवर में की गई कार्रवाई

नॉर्थ ईस्ट में इंफाल के ईडी आफिसर नवल किशोर मीणा को एसीबी ने कस्टडी में लिया है। बताया जा रहा है कि नवल किशोर के लिए एक बिचौलिया घूस मांग रहा था। घूस लेने वाले को भी एसीबी ने दबोच लिया है।

मणिपुर में एक चिट फंड कंपनी के केस में सैटलमेंट करने और अन्य सुविधा देने के नाम पर पीड़ित से 17 लाख रुपये मांग रहा था। इसके बाद उसे पंद्रह लाख रुपये लेते हुए धर लिया गया। उसके लिए काम करने वाले उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। यह ट्रैप अलवर में किया गया है। मामला बड़ा होने के चलते एसीबी के अन्य अधिकारी भी अलवर के लिए रवाना हो गए हैं।

### इस डील को लेकर ली जा रही थी रिश्वत

एसीबी अफसरों ने बताया कि मणिपुर में पिछले दिनों कुछ लोगों के खिलाफ चिट फंड कंपनी चलाने और ठगी का केस दर्ज हुआ था। इस केस में पीड़ित से ईडी वाले रुपये मांग रहे थे। पीड़ित ने पुलिस एसीबी अफसरों को बताया कि ईडी अधिकारी नवल किशोर मीणा और उनके सहायक कर्मचारी बाबूलाल मीणा उनसे रुपये मांग रहे थे। चिटफंड कंपनी के केस में उनकी सम्पत्ति अटैच नहीं करने की एवज में ये रुपये मांगे जा रहे थे।

### राजस्थान के रहने वाले हैं ईडी के अफसर

साथ ही केस को भी रफा दफा करने की बात की जा रही थी। इस मामले में मणिपुर के इंफाल में लगे प्रवर्तन अधिकारी नवल किशोर मीणा रुपये मांग रहे थे। नवल किशोर मीणा जयपुर के बस्सी के और बाबूलाल मीणा भी बस्सी के ही रहने वाले हैं। बाबूलाल ही इस केस में मीडियेटर का काम कर रहे थे। वे फिलहाल अलवर के खैरथल में कनिष्ठ सहायक कार्यालय, उप पंजीयक के पद पर तैनात हैं।

# आयकर विभाग ने हैदराबाद में कांग्रेस नेताओं के घरों की तलाशी ली

**हैदराबाद,02 नवम्बर 2023(ए)।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले, आयकर विभाग (आईटी) ने गुरुवार को कुछ कांग्रेस नेताओं के घरों सहित हैदराबाद में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। आयकर विभाग के अधिकारी बडांगपेट के मेयर और कांग्रेस नेता चिगिरिंथा पारिजात नरसिम्हा रेड्डी के परिसरों पर सुबह से ही तलाशी ले रहे हैं। करीब छह अधिकारी बालापुर स्थित उनके घर की तलाशी ले रहे हैं। पारिजात इस समय तिरूपति में हैं जबकि उनके पति नरसिम्हा रेड्डी दिल्ली में हैं। तलाशी के समय नरसिम्हा रेड्डी की मां और बेटी घर में मौजूद थीं।

परिजंता ने पिछले साल टीआरएस (अब बीआरएस) से इस्तीफा दिया था और कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं थीं। वह हैदराबाद के बाहरी इलाके में नवगठित नगर निगम बदांगपेट की मेयर हैं। शहर के बाहरी इलाके शमशाबाद में कांग्रेस नेता के. लक्ष्मा रेड्डी के परिसरों पर भी आयकर की तलाशी जारी है। वो महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने अपने नेताओं पर आईटी छापों की आलोचना की है। इसने आरोप लगाया है कि इससे साबित होता है कि बीआरएस और भाजपा आपस में मिले हुए हैं।

जब आयकर विभाग की छापेमारी चल रही थी तब पार्टी कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मा रेड्डी के फार्म हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से पहले और आरोपों के आधार पर छापेमारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि छापेमारी का मकसद कांग्रेस उम्मीदवारों को मानसिक रूप से परेशान करना है। 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को चुनाव होने हैं।

# 8 विधेयक दबाए बैठे हैं गवर्नर

### केरल सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2023(ए)।** केरल सरकार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि राज्यपाल कई विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के पास आठ विधेयक लंबित हैं, जिन्हें राज्य विधानसभा ने पारित कर दिया है। केरल सरकार का राज्यपाल आरिफ मोहम्मद पर आरोप है कि पिछले दो साल में उनके पास कई विधेयक लंबित पड़े हैं, जिन्हें वो पास नहीं कर रहे हैं।



अर्जी में लिखा है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद के पास दो साल से तीन बिल लंबित हैं। इसके अलावा राज्य विधानसभा से इस साल तीन बिल भी उनके पास गए हैं। इन बिलों को राज्यपाल से अभी तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। सरकार ने मामले में सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# केजरीवाल से पूछताछ से पहले एक और मंत्री राजकुमार आनंद के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से एजेंसी की पूछताछ.से पहले दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद के आवास पर पहुंची। सिविल लाइंस इलाके में मंत्री के आवास के अलावा उनसे जुड़े 9 परिसरों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। हालांकि कार्यवाही किस सिलसिले में हुई अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

आनंद अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार में सामाजिक कल्याण और एससी-एसटी कल्याण मंत्री हैं। वह पटेल नगर से विधायक हैं। मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन के इस्तीफे के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय श्रम मंत्री राज कुमार आनंद को आवंटित किए गए। हालांकि, बाद में स्वास्थ्य विभाग सौरभ भारद्वाज को ट्रांसफर कर दिया गया और शिक्षा आतिशी को सौंपी गई।

### आज केजरीवाल को ईडी ने किया तलब

यह छापेमारी ऐसे समय में हुई है जब मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह अलग-अलग मामलों में जेल में हैं। जिस शराब मामले में मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया था, उस मामले में ईडी आज अरविंद केजरीवाल से पूछताछ करेगी। यह पहली बार नहीं है जब केजरीवाल को शराब मामले में पूछताछ का सामना करना पड़ेगा। अप्रैल में केजरीवाल को सीबीआई ने समन किया था और उनसे 9 घंटे तक पूछताछ की गई थी।

आम आदमी पार्टी ने कहा कि उसे पता चला कि ईडी केजरीवाल को गिरफ्तार करेगी। ,क के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि केजरीवाल के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जाएगा और जेल में डाल दिया जाएगा इसमें हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी, एमके स्टालिन और पिनाराई विजयन जैसे नेता शामिल हैं।

# महुआ मोइत्रा संसद की एथिक्स कमेटी के सामने होंगी पेश



**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2023(ए)।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा कथित कैश फॉर क्वेरी मामले में गुरुवार को संसद की एथिक्स कमेटी के सामने पेश होंगी। मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद हैं। उन्हें एथिक्स कमेटी ने 31 अक्टूबर को पेश होने के लिए बुलाया था। हालांकि, तृणमूल नेता ने कमेटी को पत्र लिख कर कहा था कि वो 31 अक्टूबर को उपस्थित नहीं हो सकतीं। फिर उन्हें 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया।

मोइत्रा ने बुधवार को एथिक्स कमेटी को पत्र लिखकर शिकायतकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई और दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से जिरह करने की मांग की थी।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों की जांच एथिक्स कमेटी कर रही है कि मोइत्रा ने कारोबारी हीरानंदानी के कहने पर गौतम अडानी को लेकर लोक सभा में सवाल पूछने के लिए नकद और गिफ्ट लिया।

# पश्चिमी-मध्य रेलवे की पहली महिला महाप्रबंधक शोभना ने कार्यभार संभाला

**कोटा,02 नवम्बर 2023(ए)।** पश्चिमी-मध्य रेलवे की पहली महिला महाप्रबंधक के रूप में शोभना बंदोपाध्याय ने अपना कार्यभार संभाला। इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स वर्ष -1987 बैच की वरिष्ठ रेल अधिकारी श्रीमती बंदोपाध्याय पश्चिम-मध्य रेलवे में महाप्रबन्धक जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्यभार ग्रहण करने वाली पहली महिला रेल अधिकारी हैं। इससे पहले वह रेलवे बोर्ड में प्रिन्सिपल एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर (विजिलेंस) के पद पर कार्यरत थीं।कोटा मंडल के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीमती बंदोपाध्याय ने मध्य रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और उत्तर रेलवे के विभिन्न मण्डलों के साथ उत्तर रेलव के मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वह पश्चिम-मध्य रेलवे भी नया नहीं है, वे पहले भी पश्चिम-मध्य रेलवे में संकेत एवं दूरसंचार विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रही हैं ।



श्रीमती बंदोपाध्याय भारतीय रेलवे की ऐसी विशिष्ट महिला इंजीनियर्स में से एक हैं जिन्हें रेलवे परिचालन प्रबन्धन, प्लानिंग, डिजाइन और नियंत्रण, रख-रखाव, निर्माण और विभिन्न परियोजना प्रबंधन में समृद्ध अनुभव प्राप्त है। उन्होंने रेलवे के कामकाजी बुनियादी ढांचे के विकास, आईटी, सिग्नल एवं टेलीकॉम सम्पत्तियों के आधुनिकीकरण, व्यवसाय विकास और ग्राहक सेवा, संरक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है। रेल सेवा के दौरान उनके कार्य और नेतृत्व को विभिन्न मंचों पर सराहा गया और सम्मानित भी किया गया है। नागपुर में मण्डल रेल प्रबन्धक के तौर पर कार्यरत रहते हुए उन्हें सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में बेस्ट लीडरशीप एंड परफार्मेन्स एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।

# मद्रास उच्च न्यायालय ने अवमानना याचिका पर तमिलनाडु के गृह सचिव,डीजीपी को समन भेजा

**चेन्नई,02 नवम्बर 2023(ए)।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की गृह सचिव पी. अमुधा, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शंकर जिवाल और कुछ अन्य पुलिस अधिकारियों को अदालत के आदेशों की अवमानना करने के लिए समन जारी किया है। न्यायालय नें पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को रूट मार्च करने की अनुमति प्रदान करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने के लिए दायर अवमानना की पांच याचिकाओं पर नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर न्यायालय के सामने पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि अवमानना याचिकाओं में नामित सभी अधिकारियों को चार सप्ताह में न्यायालय में उपस्थित होना चाहिए।



आरएसएस की ओर से अधिवक्ता राजगोपाल ने न्यायाधीश के संज्ञान में लाया कि अदालत ने 16 अक्टूबर, 2023 को एक सामान्य आदेश पारित किया था, जिसमें पुलिस को 22 और 29 अक्टूबर, 2023 को 35 स्थानों पर आरएसएस को रूट मार्च करने की अनुमति देने का निर्देश दिया था। हालांकि, न्यायिक आदेश की घोर अवज्ञा करते हुए ऐसी कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई।अपने वक्तव्य में, अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) आर. मुनियप्पराज ने अदालत को सूचित किया कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर 03 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। हालांकि, न्यायाधीश ने उनके अनुरोध को अस्वीकार करते हुए अवमानना याचिकाओं में नामित लोगों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

# कर्नाटक जिले में मिला जीका वायरस,सरकार हाई अलर्ट पर

**चिक्कबल्लापुर,02 नवम्बर 2023(ए)।** बेंगलुरु शहरी जिले के करीब स्थित चिक्काबल्लापुर जिले में मच्छरों में घातक जीका वायरस का पता चलने के बाद कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य के 68 अलग-अलग स्थानों पर मच्छरों के शरीर में जीका वायरस की मौजूदगी का परीक्षण किया गया। इसी तरह, चिक्काबल्लापुरा जिले के छह स्थानों से नमूने लिए गए।

जीका वायरस सिद्लाघट्टा तालुक के तालाकायालाबेट्टा गांव में मच्छरों में पाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी तुरंत कार्रवाई में जुट गए और वायरस के प्रसार को रोकने के लिए निवारक उपाय शुरू किए। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा पहले ही विशेष बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं और अधिकारियों को प्रारंभिक चरण में संकट को कम करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने 30 गर्भवती महिलाओं और बुखार के लक्षणों वाले सात व्यक्तियों के रक्त के नमूने एकत्र किए हैं और उन्हें परीक्षण के लिए बेंगलुरु भेजा है।

# इंफाल में भीड़ ने हथियार छीनने की कोशिश की, पुलिस ने हवा में गोलियां चलाई

**इंफाल ,02 नवम्बर 2023(ए)।** मणिपुर के टेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) की हत्या के खिलाफ आंदोलन कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने बीती शाम को मणिपुर की राजधानी में हवा में गोलीबारी की।एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इंफाल से 110 किमी दक्षिण में मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एसडीपीओ चिंगथम आनंद कुमार की गोली मारकर हत्या करने के बाद से इंफाल और अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं आंदोलन कर रहे हैं। भीड़ सुरक्षा बलों के साथ भिड़ गई और कथित तौर पर हथियारों और गोला-बारूद की मांग करते हुए इंफाल पश्चिम जिले में राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय के करीब मणिपुर राइफल्स परिसर को घेरने का प्रयास किया। अधिकारी ने कहा, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों ने पहले लाठीचार्ज किया और फिर हवा में गोलियां चलाईं। झड़प में कुछ नागरिकों को मामूली चोटें आईं।इंफाल पश्चिम जिला प्रशासन ने राजधानी में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कर्फ्यू में ढील की अवधि रद्द कर दी है। जिला प्रशासन ने पिछले दिनों की तरह सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी है। मंगलवार को एक अलग घटना में टेंग्नौपाल जिले के सिनम में राज्य बल के एक काफिले पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। एसडीपीओ की हत्या के बाद तलाशी अभियान चलाने में सहायता के लिए काफिले को सुदृढीकरण के रूप में मोरेह भेजा गया था।



# कपिल सिब्बल अस्वस्थ,मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई रोकी,मदद की पेशकश की

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2023(ए)।** चुनावी बांड मुद्दे पर अक्सर तीखी सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दोनों ने कुछ मिनटों के लिए सब कुछ एक तरफ रख दिया और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की भलाई पर ध्यान केंद्रित किया, जो अस्वस्थ महसूस कर रहे थे।

गुरुवार को सुनवाई के तीसरे दिन, श्री मेहता, जो न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ के समक्ष केंद्र के लिए बहस कर रहे थे, रुके, पलटे और आश्चर्य किया कि श्री सिब्बल कहाँ थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हो रहे श्री सिब्बल की टीम ने श्री मेहता को कुछ बताया और जब न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने उनसे पूछा कि क्या हुआ था, तो उन्होंने कहा कि यह कुछ व्यक्तिगत मामला था और सुनवाई से इसका कोई लेना-देना नहीं है।सुनवाई फिर से शुरू हुई और श्री सिब्बल थोड़ी देर बाद अदालत कक्ष में चले गए। तभी श्री मेहता ने अदालत को बताया कि श्री सिब्बल की तबीयत ठीक नहीं है, और उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता को अपने चैंबर का उपयोग करने की पेशकश की ताकि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि श्री सिब्बल के लिए चाय और कुछ नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी।



मुख्य न्यायाधीश भी आगे आए और कहा कि श्री सिब्बल सुप्रीम कोर्ट के सम्मेलन कक्ष में बैठ सकते हैं और वीडियो लिंक के माध्यम से इसमें शामिल हो सकते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के प्रस्ताव को स्वीकार करने का फैसला किया और दोपहर के भोजन तक सम्मेलन कक्ष से सुनवाई में शामिल हुए।

राजनीतिक संबंध

सिब्बल दोपहर के भोजन के बाद अदालत कक्ष में लौट आए और श्री मेहता और वह दोनों अपने पेशेवर, उत्साही अवतार में वापस आ गए। दिन की सुनवाई के उत्तरार्ध में, वास्तव में, राजनीतिक संबंधों को लेकर दोनों वकीलों के बीच एक दिलचस्प बातचीत देखी गई।

काल्पनिक रूप से बोलते हुए, श्री मेहता ने कहा कि कांग्रेस को चंदा देने वाला कोई व्यक्ति नहीं चाहेगा कि भाजपा को इसके बारे में पता चले।

# मनोज जरांगे ने खत्म किया अनशन

### सरकार को दिया अल्टीमेटम

**जालना,02 नवम्बर 2023(ए)।** मराठा आरक्षण को लेकर कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने गुरुवार को अपना नौ दिन पुराना अनिश्चितकालीन अनशन खत्म कर दिया। हालांकि, उन्होंने सरकार को दो माह का अल्टीमेटम भी दिया।



जूस पीकर तोड़ा अनशन

मनोज जारांगे ने जूस पीकर अपना अनिश्चितकालीन अनशन तोड़ा। इस दौरान उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दो माह के भीतर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो वह मुंबई तक एक मार्च का नेतृत्व करेंगे।

राज्य सरकार के चार मंत्रियों ने जालना जिले में मनोज जारांगे से उनके गांव में मुलाकात की और उनसे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को खत्म करने का अनुरोध किया। हाई कोर्ट के रिटायर न्यायाधीशों संदीप शिंदे, एमजी गायकवाड़ और कुछ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मनोज जारांगे से मुलाकात की, जिन्होंने पूरे महाराष्ट्र में मराठों के लिए आरक्षण की अपनी मांग दोहराई।

## संपादकीय

### फिर एक ट्रेन हादसा

प्रश्न है कि इस तरह की जानलेवा मानवीय भूल बार-बार क्यों हो रही है? यह यह कहानी इस असल मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए फैलाई जाती है कि भारतीय रेल एक ढहते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर की मिसाल बनकर रह गई है?

इस प्रश्न पर गंभीर विचार-विमर्श की जरूरत है कि हर कुछ अंतराल पर देश में भीषण ट्रेन हादसे क्यों हो रहे हैं। इस बार ऐसी दुर्घटना आंध्र प्रदेश में हुई है। फिर एक खड़ी पैसेंजर ट्रेन को पीछे आकर एक दूसरी पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी। ऐसी घटनाओं के तुरंत बाद अक्सर मीडिया में मानवीय भूल की कहानी प्रचारित कर दी जाती है। मगर प्रश्न है कि इस तरह की जानलेवा मानवीय भूल बार-बार क्यों हो रही है? यह यह कहानी इस असल मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए फैलाई जाती है कि भारतीय रेल एक ढहते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर की मिसाल बनकर रह गई है? दशकों से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की जरूरत बताई जाती रही है। इसके लिए समितियां और आयोग बने। लेकिन उनकी सिफारिशें मंत्रालय की अलमारियों में धूल फांकती रही हैं। इस बीच देश के कर्ता-धर्ताओं ने अपनी प्राथमिकताएं बदल लीं। आज प्राथमिकता यह नजर आती है कि आर्थिक रूप से सक्षम यात्रियों के लिए कुछ सुविधाजनक ट्रेनें चला दी जाएं और बाकी सब जैसा है, उसी हाल में चलने दिया जाए। चूंकि व्यापारीकरण का नजरिया राजकाज पर हावी है, इसलिए आम नागरिक की जान या सुविधाएं स्वतः प्राथमिकता में नीचे चली जाती हैं।

इस वर्ष आई सीएजी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि 2021-22 में सभी श्रेणियों की यात्री सेवाओं को मिलाकर रेलवे को हुई आय में 68,269 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हालांकि माल ढुलाई से लगभग इतनी रकम का ही मुनाफा भी हुआ। अब चूंकि नजरिया हर सेक्टर से हुए हानि-लाभ पर टिका है, तो जाहिर है, आम यात्री सेवाओं को उपेक्षायोग्य समझा जाने लगा है। बहरहाल, प्रश्न है कि क्या यह सोचने का सही नजरिया है? किसी संभावनापूर्ण समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सस्ते परिवहन को ऐसी जरूरी सेवाएं समझा जाता है, जिन्हें उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व माना जाता है। यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी अनिवार्य समझा जाता है। वैसे भी समाज या अर्थव्यवस्था का मकसद इनसान को बेहतर जिंदगी मुहैया कराना ही है। बार-बार हो रही रेल दुर्घटनाएं संभवतः इस बात का संकेत हैं कि भारत इस मकसद से भटकता चला जा रहा है।

# चंदे का स्रोत नागरिकों को जरूर बताया जाए

यह कमाल की बात है, जो सरकार भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की लहर पर चुनाव जीती और जिसने सार्वजनिक जीवन में सम्पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने का वादा किया वह सुप्रीम कोर्ट में कह रही है कि देश के नागरिकों को यह जानने का अधिकार नहीं है कि राजनीतिक दलों को कहां से चंदा मिलता है और कौन कितना चंदा देता है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने को फकीर बताते हैं, उन्होंने 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' का नारा दिया और हर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच से बताते हैं कि भारत 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' है लेकिन उनके सबसे बड़े कानूनी अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि नागरिकों को राजनीतिक दलों के चंदे के बारे में जानने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। सोचें, जब यही अधिकार नहीं है तो बाकी किसी अधिकार का क्या मतलब है? देश के नंबर एक कानूनी अधिकारी यानी अटॉर्नी जनरल को पता था कि जब वे कहेंगे कि नागरिकों को चंदे के बारे में जानने का मौलिक अधिकार नहीं है तो सूचना के अधिकार का मुद्दा उठेगा। तभी उन्होंने लगे हाथ यह भी कह दिया कि सूचना का अधिकार सीमित है। यानी राजनीतिक दलों के चंदों के मामले में सूचना का अधिकार लागू नहीं होता है।

सोचें, यह कितनी हैरानी की बात है। राजनीतिक दलों का चंदा कौन सा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जो उसके बारे में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं मिल सकती है? जब देश के नागरिकों को यह अधिकार दिया गया है कि वे हर राजनीतिक दल के उम्मीदवारों के बारे में यह जान सकें कि उसके ऊपर कितने आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, उसकी संपत्ति कितनी है, उसके ऊपर कितना कर्ज है, वह कितना पढ़ा-लिखा है तो राजनीतिक दलों के चंदे के बारे में जानने से उसे कैसे रोका जा सकता है? किस राजनीतिक दल के पास कितनी संपत्ति है, उसके खाते में कितना पैसा जमा है, किस साल उसे कितना चंदा मिला और किस



चुनाव में उसने कितना खर्च किया यह सारी जानकारी दी जाती है फिर यह बताने में क्या दिक्कत है कि वह चंदा उसे किसने दिया?

यह भी हैरानी की बात है कि 2017 में राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था लागू करने का कानून बना तो कहा गया कि इससे राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता आएगी। लेकिन असल में जो थोड़ी बहुत पारदर्शिता पहले से थी उसे भी इस कानून के जरिए समाप्त कर दिया गया। असल में यह कानून इसलिए बनाया गया ताकि लोगों को पता नहीं चल सके कि सत्तारूढ़ दल को कौन कितना चंदा दे रहा है। यह हकीकत है कि सिर्फ सत्तारूढ़ दल के चंदे का ही पता नहीं चल पाता है। विपक्षी पार्टियों को किसने चंदा दिया यह सरकार को पता होता है तो जाहिर है कि सत्तारूढ़ दल को भी पता चल ही जाता होगा। ध्यान रहे चुनावी बॉन्ड की बिक्री सिर्फ एक सरकारी बैंक के जरिए होती है और कंपनियों के आयकर रिटर्न में भी इस बात की जानकारी होती है कि उन्होंने कितने का चुनावी बॉन्ड खरीदा और उसे किस पार्टी को दिया। इसलिए सरकार को यह पता होता है कि कौन कारोबारी या निजी व्यक्ति किसी विपक्षी पार्टी को कितना चंदा देता है।

सोचें, यह बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए कितनी खतरनाक स्थिति है? जब सब कुछ खुला था तब की बात अलग थी। लेकिन जब सरकार ने कानून बना कर सुनिश्चित किया है कि सिर्फ उसे पता चले कि कौन व्यक्ति किस पार्टी को कितना चंदा दे रहा है तो फिर कोई कारोबारी या निजी व्यक्ति क्यों किसी विपक्षी पार्टी को चंदा देगा? उसे इस बात का खतरा हमेशा रहेगा कि सरकार उसके प्रति पूर्वाग्रह पाल सकती है। तभी यह अनायास नहीं है कि चुनावी बॉन्ड के जरिए जो चंदा दिया जा रहा है उसका बड़ा हिस्सा सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा के खाते में जा रहा है। बचा-खुचा जो चंदा विपक्षी पार्टियों को जाता है वह भी निश्चित रूप से सरकार की सहमति से जाता होगा ताकि लोकतंत्र का भ्रम बना रहे। चंदे की इस व्यवस्था में दो खतरे और हैं। पहला तो यह कि चुनावी बॉन्ड के कानून से यह सीमा हटा दी गई है कि कोई भी कंपनी अपने तीन साल के औसत शुद्ध लाभ के साढ़े सात फीसदी से ज्यादा राजनीतिक चंदा नहीं दे सकती है। इसका मतलब है कि कोई कंपनी सरकारी दल को खुश करने के लिए कितना भी चंदा दे सकती है। दूसरा खतरा यह है कि शेल यानी फर्जी कंपनियों के जरिए पार्टियों को भारी-भरकम चंदा दिया जा सकता है। इससे चुनावी प्रक्रिया और सरकार की शुचिता दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

असल में पहले दिन से चुनावी बॉन्ड का मामला संदिग्ध था और तभी सरकार ने इसे धन विधेयक के तौर पर पास करके कानून बनाया। ध्यान रहे 2017 में केंद्र की भाजपा सरकार के पास राज्यसभा में बहुमत नहीं था। अब तो वह बहुमत के काफी करीब पहुंच गई है लेकिन उस समय भाजपा और एनडीए दोनों बहुमत से बहुत दूर थे। तभी चुनावी बॉन्ड को धन विधेयक के तौर पर लोकसभा में पेश किया गया और वहां से पास करा कर इसे कानून बना दिया गया। इस मसले पर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। राजनीतिक चंदे की पारदर्शिता खत्म करने की बात चली है तो यह बताना भी जरूरी है कि केंद्र की इसी सरकार ने विदेशी चंदे के मामले में पहले से चले आ रहे कानून को बदल कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी राजनीतिक दल को विदेश से मिलने वाले चंदे की जांच नहीं हो सकती है। इस तरह दिल्ली हाई कोर्ट के एक फैसले को केंद्र सरकार ने निरस्त कर दिया। अगर ऐसा नहीं होता तो भाजपा और कांग्रेस दोनों को 1976 से अब तक मिले विदेशी चंदे का हिसाब देना होता।


बहरहाल, देश की बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए और इसके बेहतर संचालन के लिए जरूरी है कि राजनीतिक दलों के बीच बराबरी का मैदान हो। भारत में और दुनिया के अनेक विकसित देशों में भी पार्टियों के बीच बराबरी का मैदान नहीं रहता है। हर जगह सत्तारूढ़ दल को विपक्ष के मुकाबले ज्यादा चंदा मिलता है। तभी भारत में और कई यूरोपीय देशों में भी चुनाव लड़ने के लिए सरकारी फंडिंग की मांग होती रहती है। लेकिन चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था ने तो भारत में विपक्षी पार्टियों के लिए सत्तारूढ़ दल का मुकाबला और मुश्किल बना दिया है। इसलिए जरूरी है कि यह व्यवस्था बदली जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि आम नागरिकों को यह पता चले कि किसी पार्टी को कौन कारोबारी कितना चंदा देता है। नागरिकों का यह जानना इसलिए जरूरी है ताकि वे स्वतंत्र रूप से आकलन कर सकें कि जिस कारोबारी ने सत्तारूढ़ दल को ज्यादा चंदा दिया उसको सरकार की ओर से कोई अतिरिक्त लाभ तो नहीं दिया जा रहा है। यह सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बहाली, ईमानदारी और जनता के पैसे का सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है। ध्यान रहे सरकार यह फैसला करती है कि जनता का पैसा कैसे और कहां खर्च होना है। इसलिए जनता को यह पता होना चाहिए कहीं ऐसा तो नहीं है कि उसका पैसा उस कारोबारी पर खर्च हो रहा है, जो सत्तारूढ़ दल को ज्यादा चंदा दे रहा है।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## नहीं अकेला होता यह मन

नहीं अकेला होता यह मन,
नीरव एकाकीपन में।
खिल जाते हैं पुष्प हज़ारों,
प्रतिदिन मन के उपवन में।।
साथ सखा का बड़ा सुहाना,
महका-महका जीवन है।
इत्र कहूँ मैं उनकी छवि को,
या कह दूँ वो चंदन हैं।।
जितना तन से दूर हुए वो,
मन के उतने निकट रहे।
गहरी पैठ बना ली प्रिय ने,
मेरे इस अंतर्मन में।
नहीं अकेला होता यह मन,
नीरव एकाकीपन में।।
उनके कांधे पर सिर रखकर
हर ग़म कम हो जाता है।
उनकी बातें मरहम जैसी,
दर्द हिया खो जाता है।
सब सूरत के हैं दीवाने,
मैं सीरत से प्यार करूँ।
जब से उनको जाना मैंने,
बसे वहीं हैं नैनन में।
नहीं अकेला होता यह मन,
नीरव एकांकीपन में।
सूनी कब जीवन की राहें,
साथ सदा वो मेरे हैं।
ज्यों भू घूमे नित्य अक्ष पर
करते मन के फेरे हैं।।
क्षितिज बने वे घेर रहे हैं,
मेरे मन की वसुधा को।
है लगाव यह मन से मन का,
भीगा तन-मन सावन में।।
नहीं अकेला होता यह मन,
नीरव एकाकीपन में।
आशा की कलियाँ बोई हैं,
नित मेरे अंतर्मन में।
प्रतिविम्ब उनका ही दिखता है,
मुझको मन के दर्पण में।।
गहन प्रीति के इस दरिया को,
शब्दों में कैसे बाँधूं।
विचरण करता अक्स उन्हीं का,
मेरे मन के आँगन में।
नहीं अकेला होता यह मन,
नीरव एकाकीपन में।।



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

## कुछ तुम कहो

कुछ तुम कहो,
कुछ मैं कहूँ।
कुछ तुम सुनो,
कुछ मैं सुनूँ।
जो तुमने कहा,
मैंने नही समझा।
जो मैंने कहा
तुमने नही समझा।
प्रेम को शब्दों की,
जरूरत कहाँ होती।
पर...
जो मेरी आँखों ने कहा,
तुमने सुन लिया।
जो तुम्हारी आँखों ने कहा,
मैंने सुन लिया।
शब्दों से ज्यादा
तेरे मेरे प्रेम को
मौन ने अभिव्यक्त कर दिया।



**गरिमा राकेश गौत्तम गर्विता**
कोटा,
राजस्थान

## सुआगीत

त री न री नहा मोर
नहा नरी नारे सुआ हो
कि तरी नरी नहा नारी ना....
भले लाख जीव मर जाय,
ना रे सुआ हो....
पर लाख जीव के पोसइया झन मरै
ना रे सुआ हो कि.तरी नरी.।
जीव के बिरथा होथे जीना
घुट घुट के होथे आँसू पीना
जिनगी नरक बन जाय,
ना रे सुआ हो कि....
लाख जीव के पोसइया झन मरै
ना रे सुआ हो कि... तरी नरी...।
बने बने के होथे ये संसार
भँइस्सा के सींग भँइस्सा ल भार
रिश्ता नाता कोनों नी भाय,
ना रे सुआ हो कि....
लाख जीव के पोसइया झन मरै
ना रे सुआ हो कि तरी नरी।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कब सुधरेगें सीवर सफाई कर्मियों के हालात



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,
राजस्थान

देश में सीवर की सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनो केन्द्र व सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया है कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। पीठ ने कहा केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए।





फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति भट ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अन्य दिव्यांगता से ग्रस्त है तो अधिकारियों को उसे 10 लाख रुपये तक का भुगतान करना होगा। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश जारी भी किए। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए। कोर्ट का यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया है।

प्रतिबंध के बावजूद आज भी भारत में गंदी नालियों और सेप्टिक टैंकों की सफाई इंसानों द्वारा हाथों से की जाती है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि पिछले पांच सालों में इस तरह की सफाई करने के दौरान 347 लोगों की मौत हो गई। लोक सभा में सामाजिक न्याय मंत्रालय से पूछे गए एक सवाल के जवाब में मंत्रालय ने माना है कि भारत में इंसानों से गंदे नालों और सेप्टिक टैंकों को साफ करवाने की प्रथा अभी भी जारी है और इसमें सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि इस खतरनाक काम को करने के दौरान 2017 में 92, 2018 में 67, 2019 में 116, 2020 में 19, 2021 में 36 और 2022 में 17 सफाई कर्मियों की जान जा चुकी है।

देश के 18 राज्यों के आंकड़े मंत्रालय के पास हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक इन पांच सालों में इस तरह की सफाई के दौरान सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 51 लोग मारे गए। उसके बाद तमिलनाडु में 48 लोग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 44 लोग, हरियाणा में 38 लोग, महाराष्ट्र में 34 लोग और गुजरात में 28 लोग मारे गए हैं। लेकिन लोगों का कहना है कि सीवर में मरने वालों की संख्या सरकारी आंकड़ो से कई गुना अधिक है।

इस प्रथा को बंद करने की मांग करने वाले लोगों का कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में आज भी गंदे नालों और सेप्टिक टैंकों की सफाई इंसानों से करवाई जाती है। सीवर सफाई के दौरान हादसों में मजदूरों की दर्दनाक मौतों की खबरें आती रहती हैं। अधिकांश जगह आज भी मजदूर सीवर की बिना मास्क, ग्लब्स और सुरक्षा उपकरणों के सफाई करते हैं।

सीवर की सफाई करने वालों की मौत होने के साथ ही उन पर निर्भर परिवार भी बेसहारा हो जाता है। परिवार की आमदनी का जरिया अचानक से बंद हो जाता है। देश में जाम सीवर की मरम्मत करने के दौरान प्रतिवर्ष दम घुटने से काफी लोग मारे जाते हैं। इससे पता चलता है कि हमारी गंदगी साफ करने वाले हमारे ही जैसे इंसानों की जान कितनी सस्ती है। सीवर सफाई के काम में लगे लोगों को सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ता है।

देश में पिछले एक वर्ष में सीवर की सफाई करने के दौरान 200 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस अमानवीय त्रासदी में मरने वाले अधिकांश लोग असंगठित दैनिक मजदूर होते हैं। इस कारण इनके मरने पर कहीं विरोध दर्ज नहीं होता है। देश में करीबन 27 लाख सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें से 20 लाख ठेके पर काम करते हैं। एक सफाईकर्मी की औसतन कमाई 7 से 10 हजार रुपये प्रति माह तक होती है। गंदगी में काम करने से आधे से अधिक सफाई कर्मी तो कई बिमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। इस कारण अधिकांश गटर साफ करने वाले लोगों की कम उम्र में ही मौत हो जाती है। गटर साफ करने वाले लोगों के लिये बीमा की भी कोई सुविधा नहीं होती है।

आमतौर पर सीवर में उतरने से पहले सफाईकर्मी शराब पीते है। शराब पीने के बाद शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। तभी सीवर में उतरते ही इनका दम घुटने लगता है। सफाई का काम करने के बाद उन्हें नहाने के लिए साबुन, नहाने तथा पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी कार्यकारी एजेंसी की होती है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं इनको अभी तक नहीं मिल पा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पूर्व भी कई बार सीवर में होने वाली मौतों पर चिंता जताने के साथ ही सख्त टिप्पाणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि देश में आज भी जाति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। मनुष्य के साथ मनुष्य द्वारा इस तरह का व्यवहार किया जाना सबसे अधिक अमानवीय आचरण है। इन परिस्थितियों में बदलाव होना चाहिए। दुनिया के किसी भी देश में लोगों को इस तरह के गैस चैम्बरों में मरने के लिये नहीं भेजा जाता है। कोर्ट ने कहा था कि संविधान में प्रावधान है कि सभी मनुष्य समान हैं। लेकिन सम्बधित उन्हें समान सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाते हैं।

कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सीवर की सफाई करने वाली एजेंसी के पास सीवर लाईन के नक्शे, उसकी गहराई से सम्बंधित आंकड़े होना चाहिए। सीवर सफाई के काम में लगे लोगों की नियमित स्वास्थ्य की जांच, नियमित प्रशिक्षण देने के नियम का पालन होता कहीं नहीं दिखता है। सभी सरकारी दिशा-निर्देशों में दर्ज हैं कि सीवर सफाई करने वालों को गैस-टेस्टर, गंदी हवा को बाहर फेंकन के लिए ब्लोअर, टॉर्च, दस्ताने, चश्मा और कान को ढंकन का कैप, हैलमेट मुहैया करवाना आवश्यक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी इस बारे में कड़े आदेश जारी कर चुका है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं गायब है। सीवर लाइनों की लंबाई तो हर दिन बढ़ रही है। वहीं सफाई करने वालों की संख्या में कमी की जा रही है। मैनुअल स्केवेंजर्स का रोजगार और शुष्क शौचालय का निर्माण (निषेध) अधिनियम के तहत भारत में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को 2013 में ही प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन इस कानून में कुछ शर्तो के साथ गंदे नालों और सेप्टिक टैंकों की इंसानों द्वारा सफाई कराने की इजाजत है। इन शर्तो के तहत सफाई के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य है। लेकिन अक्सर नियमों का पालन नहीं किया जाता है।

राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर में सीवरेज की खुदाई के दौरान हुई तीन मजदूरों की मौत के मामले में अपर जिला न्यायाधीश ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुये कंपनी के इंजीनियर सहित तीन लोगों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुये दस-दस साल के कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने माना कि काम कर रहे मजदूरों के लिए सुरक्षा का इंतजाम करना कम्पनी की जिम्मेदारी थी। उस दिन कम्पनी की ओर से सीवरेज का काम किया जा रहा था। वहां सुरक्षा संबंधी पर्याय उपाय नहीं करने के कारण तीन मजदूरों को जान गंवानी पड़ी थी।

हाथों से सीवर की सफाई करने के कार्य को देश में प्रतिबंधित किये जाने के उपरान्त भी किया जा रहा है। देश की सर्वोच्च अदालत ने सीवर की सफाई करने वालों की सुध लेते हुये केन्द्र व राज्य सरकारों की जमकर खिंचाई तो की है। मगर कोर्ट के निर्देशों का सरकारों पर कितना असर होता है। इसका पता तो आने वाले समय में ही चल पायेगा। बहरहाल आज भी सीवर में सफाई कर्मियों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# वैश्विक नेतृत्व और भारत की भूमिका



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर,
छत्तीसगढ़

भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है। रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं की युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है। पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्व नहीं दिया था । तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था। पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिली। और इसके उपरांत भारत लगातार अहिंसा परमो धर्म की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है। कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया। और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही। भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही। भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया। और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है। भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है। वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है। और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया यह उनकी संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को संबोधित करने का हिंदी में तीसरा अवसर था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलाया। उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था। यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी धर्म तथा संविधान तथा घोषणा पत्र मैं शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है किंतु विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है। वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है. और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है। इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग महासभा में स्वीकार भी करता है। अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर कोरिया, वियतनाम,लागोस,मिस्त्र, सीरिया ,लाइबेरिया, युगोस्लाविया, नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाए वहां पर शांति बहाली हेतु अलग-अलग समय में उपलब्ध करवाई थी। भारत द्वारा विश्व शांति की स्थापना की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति अभियानों में अनथक एवं बहुत बड़ा सहयोग किया है।





उन्होंने कई देशों के मध्य पर्यवेक्षक की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभाई है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को शांति निरीक्षण आयोगों, समितियों तथा अंतरिम विश्वास बहाली कार्यक्रमों में बतौर सदस्य नामित भी किया है। इस भूमिका को भी भारत ने बहुत सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, वैसे भी भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रबल पक्षधर रही है। इसीलिए भारत सरकार ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है बल्कि विश्व के अनेक तनावग्रस्त संकटग्रस्त एवं युद्ध देशों के मध्य अपनी कूटनीतिक राजनैतिक भूमिका भी कर्मठता से निभाई है। संयुक्त राष्ट संघ बहुत महत्वपूर्ण होकर जटिल भी होते हैं7 ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की हर भूमिका को बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने का कार्य बखूबी निभाया है। और भारत राष्ट्र जिस तरीके से आत्मनिर्भर होकर विदेश की सरकारों से अपने संबंध स्तापित किए हैं, उससे यह दिन दूर नहीं जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाकर, वैश्विक शांति के लिए शांतिदूत का दर्जा दिया जाएगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# विधायक ने नहीं किया विकास कार्य,नहीं करेंगे वोट ग्रामीण महिलाएं इस बार

## महीने में मिलने वाली राशन के लिए पांच किलोमीटर का कारण पड़ता है सफर

- मनोज कुमार -
लखनपुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड में विकास कार्य नहीं होने पर ग्रामीण महिलाओं ने वोट नहीं करने की बात कही है। तो वहीं इस बार अन्य ग्रामीणों ने विधायक बदलने की बात कही है पूरा मामला लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड के ग्राम चोडेया के आश्रित ग्राम तुरगा के साचरघाट का है। पण्डो और उरांव समाज के लगभग 30 परिवार निवास रथ हैं। जहां के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि पूर्व विधायक के द्वारा पिछले पंचवर्षीय चुनाव के समय सड़क सहित मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया था। चुनाव जीतने के बाद समस्याओं से निजात दिलाना तो दूर ग्रामीणों से मुलाकात करने भी नहीं पहुंचे जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा नाराजगी है। विकास नहीं होने पर महिलाओ ने वोट नहीं देने की बात कही तो वही अन्य ग्रामीणों ने विधायक बदलने की बात कही है।





राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पण्डो महिला ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण सड़क नहीं होने के कारण एंबुलेंस पहुंच नहीं पाती और कांवर के सहारे गर्भवती महिलाओं और मरीजों को 2 किलोमीटर मुख्य मार्ग में ले जाना पड़ता है। बच्चों को स्कूल आने-जाने प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षकों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे बच्चो के पढ़ाई भी प्रभावित होती है। कुछ ग्रामीणों को तो यह भी नहीं पता कि उनका विधायक कौन है आज तक उन्होंने अपने विधायक को देखा तक नहीं है। तो गांव का विकास बहुत दूर की बात है। क्षेत्रीय विधायक तो अपने क्षेत्र में विकास कार्य की बात तो करते हैं परंतु धरातल पर विकास कोसों दूर है।

### सड़क बनाने को लेकर दो बार दिया आवेदन

तुर्गा से साचर घाट तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क बनाई जाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सरगुजा कलेक्टर को आवेदन दिया गया परंतु आज तक सड़क नहीं बन सका। पिछले विधानसभा चुनाव में विधायक ने सड़क बनाये जाने सहित विकास कार्य करने का आश्वासन दिया था। परंतु आज तक सड़क नहीं बन सका ग्रामीणों को राशन लेने मरीजों को ले जाने बच्चों और शिक्षकों को ऊबड़-खाबड़ रास्ते में आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बाहर हेल्प देखना होगा कि कब तक यह सड़क बन पाती है या ग्रामीणों को उबड़-खाबड़ रास्ते से ही आना जाना करना पड़ेगा।

# कलेक्टर ने जारी किया का आदेश



» 15 नवम्बर सायं 5:00 बजे से मतदान तिथि 17 नवम्बर तक तथा मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को मदिरा का किसी भी प्रकार का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 17 नवंबर को होने वाले मतदान के अवसर पर 15 नवम्बर को सायं 5 बजे से 17 नवम्बर को सम्पूर्ण दिवस तक शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवधि में जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान, 62वी बटालियन एफ.एल.-8 एवं देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार अम्बिकापुर को बंद रखी जाएंगी।

इसी प्रकार उन्होंने उक्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी कर मतगणना तिथि 03 दिसम्बर के दिन को भी शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेशानुसार जिले के मतगणना स्थल क्षेत्र, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में स्थित समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानें जिसमें देशी मदिरा दुकान अम्बिकापुर,विदेशी मदिरा दुकान गंगापुर, विदेशी मदिरा दुकान सुभाष नगर एवं विदेशी मदिरा दुकान बौरीपारा, 62 वीं बटालियन एफ.एल.-8 एवं देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार अम्बिकापुर को बंद रखने कहा गया है। उन्होंने निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा है, शुष्क अवधि में मदिरा का किसी भी प्रकार का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण,3 प्रत्याशियों ने लिए नाम वापस





- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने तथा 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा पूर्ण किए जाने के पश्चात गुरुवार 2 नवम्बर को नाम निर्देशन वापसी का अंतिम दिन रहा। जिसमें तीनों विधानसभा क्षेत्रों से कुल 03 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए।

### अब 41 प्रत्याशी शामिल होंगे निर्वाचन में

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 44 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए थे। इनमें ने 03 अभ्यर्थियों के नाम वापसी के बाद कुल 41 अभ्यर्थी विधानसभा निर्वाचन में शामिल होंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-09 लुण्ड्रा से किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिए, अर्थात 12 प्रत्याशी निर्वाचन में शामिल होंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अम्बिकापुर से 02 निर्दलीय प्रत्याशियों प्रदीप अग्रवाल एवं रामकुमार सिंह टेकाम ने नाम वापस लिए, अर्थात अब कुल 13 प्रत्याशी निर्वाचन में शामिल होंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 सीतापुर से निर्दलीय प्रत्याशी चक्रधर पैकरा ने नाम वापस लिया, अर्थात 16 प्रत्याशी निर्वाचन में शामिल होंगे।

# प्रत्याशियों की सुरक्षा में तैनात होने से पूर्व पुलिस वाजनों को दी गई ट्रेनिंग

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव में शामिल प्रत्याशियों की सुरक्षा में तैनात होने वाले पुलिस जवानों को गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि प्रत्याशियों के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान ड्यूटी में तैनात जवान कंट्रोल रूम से संपर्क बनाकर संबंधित थाना प्रभारियों को जानकारी देंगे। ड्यूटी के दौरान प्रत्याशियों के साथ रहने व किसी भी तरह की लापरवाही न करने की बात कही। आपातकालीन स्थिति में प्रत्याशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचना के निर्देश दिए गए। वहीं ड्यूटी में तैनात जवानों के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत एवं प्रत्याशियों की सुरक्षा मे तैनात होने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।



# नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

नाबालिग बालिका का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में रघुनाथपुर चौकी पुलिस ने सूरत गुजरात से आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बालिका को बरामद कर स्वजन के सुपुर्द किया है।

पुलिस ने बताया रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की किशोरी 26 सितंबर 2023 को सुबह घर से परीक्षा देने के लिए स्कूल जाने निकली थी। इसके बाद शाम तक घर वापस नहीं लौटी। स्वजन उसे काफी तलाश किए लेकिन पता नहीं चला। इसकी रिपार्ट पर पुलिस ने चौकी रघुनाथपुर में धारा 363, 366, 376 (2)(ढ) भादवि एवं पाक्सो एक्ट की धारा 5(ठ), 6 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले में पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर राजेंद्र मंडावी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया था। टीम ने साइबर सेल के सहयोग से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर पुलिस टीम को सूरत गुजरात भेजा था। पुलिस ने आरोपी नितीश कुमार पिता रामसुन्दर 19 वर्ष निवासी ग्राम घघरा महलपुर थाना बभनी जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश को घेराबंदी करके कब्जे में लिया और उसके कब्जे से लडकी को बरामद किया। पूछताछ में नाबालिग से दुष्कर्म की बात सामने आई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी रघुनाथपुर सहायक उप निरीक्षक दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक राजेश्वर खलखो, महिला आरक्षक संपत्ति भगत, आरक्षक अरविन्द तिवारी, राकेश एक्का शामिल रहे।



# मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप मैराथन दौड़ का आयोजन 09 नवंबर को

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है तथा शपथ दिलाई जा रही है। इसी क्रम में 09 नवम्बर को मल्टीपरपज स्कूल से सुबह 08:00 बजे स्वीप मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित यह मिनी मैराथन दौड़ मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड से शुरू होकर गुदरी चौक, जनपद कार्यालय रोड, मिशन हास्पिटल रोड से यूटर्न, साक्षरता मार्ग, चर्च के सामने चौक, जोड़ा पीपल, चौपाटी, आकाशवाणी चौक से होते हुए गांधी स्टेडियम पर समाप्त होगी।

प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग में आयोजित होगी, जिसमें दोनों वर्गों में दो आयुवर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। प्रथम आयु वर्ग में 45 वर्ष तक के तथा दूसरे में 45 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के प्रतिभागी होंगे। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, वहीं प्रत्येक श्रेणी में दो-दो प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा।

# उपार्जन केंद्रों में दूसरे दिन भी नहीं पहुँचे किसान,खेतों में धान कटाई-मिसाई जारी



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

नवंबर माह के पहले सप्ताह में धान कटाई और मिसाई का कार्य पूरा नहीं होने के कारण अभी उपार्जन केंद्रों में बिक्री के लिए धान ले जाने की स्थिति नहीं बन पा रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दूसरे दिन भी सरगुजा संभाग में धान खरीदी की शुरुआत नहीं हो सकी है। सरगुजा संभाग के पांचों जिले के 153 सहकारी समितियों के अंतर्गत 203 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई थी। अनुमान है कि सभी जिलों में एक सप्ताह के बाद ही समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की शुरुआत हो सकेगी।

अभी किसान धान की कटाई कर रहे हैं। जल्दी पकने वाली धान खेतों में पक चुकी है। कई किसानों द्वारा कटाई के बाद धान को खलिहान में लाया जा रहा है। गिने-चुने किसानों के यहां ही धान की मिसाई शुरू हो सकी है। इस वर्ष समय पर मानसून की दस्तक के बाद भी बीच में अवरोध की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी। संभाग में अल्प व खंड वर्षा के कारण विलंब से धान की बोआई की गई है। इस कारण धान की कटाई का काम भी पूरा नहीं हुआ है। किसानों द्वारा इस कार्य को अभी शुरू किया गया है। ऐसे में अभी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आरंभ होने में समय लग सकता है। हालांकि उपार्जन केन्द्रों में बारदाना सहित दूसरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है।



# दिल्ली रैली में शामिल होने कर्मचारी संघ रवाना

अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

केंद्र सरकार की कर्मचारी पेंशनर विरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, अखिल भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ, एवं केंद्रीय कर्मचारियों के संगठनों के आह्वान पर 3 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में व्यापक रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली चेतावनी रैली के रूप में परिवर्तित होगी यदि केंद्र सरकार के द्वारा इन नीतियों के विरुद्ध वापस नहीं लिया जाता है तो कर्मचारी एवं पेंशनर्स एवं वित्तीय संस्थानों के संगठनों द्वारा अग्रिम पहल भी की जा सकती है। इस आयोजित प्रदर्शन में सरगुजा के भी कर्मचारी एवं पेंशनरों का समूह आज अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से प्रातः प्रस्थान किया। आंदोलन का नेतृत्व साथी पवन सिंह एवं एस डी लकड़ा करेंगे। इस रैली को गुरु चरण सिंह, हफीज खान, नवीन केसरी एवं शैलेंद्र वर्मा ने रवाना किया। इस आशय की विज्ञप्ति छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ के उपरांत अध्यक्ष अनंत सिन्हा ने दी है।

# उडऩ दस्ता टीम की कार्रवाई,दो वाहन से 3 लाख 91 हजार रुपए जब्त

» रामानुजगंज कन्हर बेरियर से 400 नग कंबल जब्त

- संवाददाता -
बलरामपुर/रामानुजगंज,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

वाहन चेकिंग के दौरान उडऩ दस्ता दल ने बलरामपुर जिले के धनवार बेरियर से दो वाहनों से कुल 3 लाख 91 हजार रुपए जब्त किया है। वहीं रामानुजगंज कन्हर बेरियर से वाहन चेकिंगे के दौरा 400 नग कंबल जब्त किया है। जिसकी कीमत 1 लाख 36 हजार रुपए बताई जा रही है।

विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को पालन कराने के लिए उडऩ दस्ता टीम का गठन किया गया है। वहीं उडऩ दस्ता टीम व जिला पुलिस द्वारा जिले के बेरियरों के पास प्वाइंट लगाकर दूसरे जिले व प्रदेश से आने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में बलरामपुर जिले के धनवार बेरियर के पास वाहन चेकिंग के दौरान उडऩदस्ता टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 15 डीटी 2300 से 1 लाख 30 हजार व डीएल सीजी 4727 से 2 लाख 61 हजार 5 सौ रुपए जब्त किए गए हैं। वाहन चालकों से उक्त रुपए के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर उडऩ दस्ता दल ने जब्त की कार्रवाई की है। वहीं रामानुजगंज कन्हर नाका के पास से जांच के दौरान एक वाहन से 400 नग कंबल जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 1 लाख 36 हजार रुपए बताई जा रही है।



# पेंशनर्स समाज की हुई बैठक,चुनाव में शत प्रतिशत का लिया संकल्प

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लोकतंत्र की मजबूती में सहभागिता के उद्देश्य से सियान सदन के सभागार में छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज सरगुजा के लिए मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिला परियोजना अधिकारी सह सहायक नोडल अधिकारी स्वीप सरगुजा ने इस मौके पर कहा विधानसभा चुनाव 2023 के सफल संपादन हेतु जिला प्रशासन एवं स्वीप टीम सरगुजा द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्र पर व्यवस्था की जाएगी। डॉ. प्रशांत कुमार शर्मा एपीओ जिला पंचायत सरगुजा ने कहा शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत दर ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा कम होता है। जबकि शहरी क्षेत्र के लोग शिक्षित एवं सुविधा संपन्न होते हैं। इसमें आप सभी का अनुभव एवं सहयोग मील का पत्थर साबित होगा। वरिष्ठजनों से इस विधानसभा चुनाव में सरगुजा जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने एवं कराने हेतु सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह उन्होंने किया।

स्वीप सरगुजा की आइकॉन वन्दना दत्ता ने कहा कि स्वीप सरगुजा की टीम विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वैच्छिक संगठनों एवं शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से शत्-प्रतिशत मतदान करने लोगों को जागरूक कर रही है। हेमंती प्रजापति ने कहा कि महिलाओं की सहभागिता के बिना शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत दर को बढ़ाना संभव नहीं है। पेंशनर्स समाज की महिलाएं सक्रिय सहभागिता कर शहरी क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य प्राप्ति में अपनी भूमिका निभाएं। समाज सेवी मंगल पांडेय ने वरिष्ठ जनों से इस विधानसभा चुनाव में नया कीर्तिमान स्थापित करने की अपील की। ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख विद्या बहन ने कहा स्व परिवर्तन से ही समाज में परिवर्तन होगा। अतः हम सभी शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लें। उन्होंने वरिष्ठ जनों को लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनने शपथ दिलवाई गई। पतंजलि योग समिति सरगुजा के अध्यक्ष अजय गुप्ता, कमलेश सोनी, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख अजय तिवारी ने भी मतदान के लिए प्रेरक बातें कही। कार्यक्रम का संचालन पेंशनर्स समाज सरगुजा के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह एवं मीना वर्मा सचिव महिला प्रकोष्ठ पेंशनर्स समाज सरगुजा ने किया। कार्यक्रम में अकरम खान सहायक परियोजना अधिकारी लाइवलीहुड कॉलेज, पेंशनर्स समाज के संरक्षक आरएन अवस्थी, जमुना लाल श्रीवास्तव, अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, त्रिलोचन यादव, जयप्रकाश चौबे, एमएम मेहता, शशिभूषण कुशवाहा, विनोद द्विवेदी, टीके सिंह, बच्चू दुबे, समाजसेवी अनिल कुमार मिश्रा, सुनिधि शुक्ला के अलावा स्वीप टीम के सदस्य रजनीश मिश्रा, शालिनी शर्मा, प्रीति तिवारी, सत्यनारायण भगत सहित अन्य की उपस्थिति रही।



CMYK

# विदेश मंत्री जयशंकर इतालवी समकक्ष से करेंगे मुलाकात,रक्षा मंत्री और सीनेट सदस्यों से की बात

**रोम,02 नवम्बर 2023।** विदेश मंत्री जयशंकर ने इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो से बातचीत की। उन्होंने गुरुवार को रोम में हुई मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷आज रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो से मिलकर खुशी हुई। एजेंडा हमारी नवीनीकृत रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।÷ जयशंकर के अनुसार उन्होंने इतालवी रक्षा मंत्री के आकलन की सराहना की और भारत-इटली रक्षा उद्योग सहयोग के लिए उनके सुझावों को महत्व दिया।

पुर्तगाल और इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में रोम पहुंचे जयशंकर ने भारत और इटली के बीच गहरी होती साझेदारी पर सीनेट के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। एक्स पर एक अन्य पोस्ट में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, ÷हमारी गहरी होती साझेदारी पर सीनेट की बातचीत के साथ इटली यात्रा शुरू हुई। सह-अध्यक्षता के लिए सेन गिउलिओ टेरज़ी और सेन रॉबर्टो मेनिया को धन्यवाद।



विदेश मंत्री ने कहा कि पार्टी लाइनों से परे भारत के लिए गर्मजोशी से भरी भावनाओं को देखकर वे अभिभूत हैं। खबरों के अनुसार, जयशंकर अपने समकक्ष एंटोनियो ताजानी से भी मुलाकात करेंगे। बता दें कि मार्च में इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की नई दिल्ली यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंध %रणनीतिक साझेदारी% तक बढ़ गए थे।

विदेश मंत्री जयशंकर ने आधिकारिक इटली दौरे की शुरुआत के समय बुधवार को इतालवी सीनेट सदस्यों के साथ बातचीत की। एक्स पोस्ट में विदेश मंत्री ने इटली में अपनी गतिविधियों के बारे में बात की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर बीते 31 अक्टूबर से ही विदेश दौरे पर हैं। 3 नवंबर तक पुर्तगाल और इटली की अपनी आधिकारिक यात्रा पर रहने के दौरान जयशंकर ने कई अहम संवाद किए। खबरों के मुताबिक जयशंकर मेड इन इटली मंत्री से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री देश के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात की उम्मीद है।

बता दें कि जयशंकर 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक दो दिनों के लिए पुर्तगाल में थे। गौरतलब है कि भारत और इटली के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध के साथ-साथ बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग है। बता दें कि इटली और यूरोपीय यूनियन (श्व) में भारत के शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदारों में से एक है। 80 के दशक की शुरुआत से ही व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि डॉ जयशंकर भारत-इटली संसदीय मैत्री समूह के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। उनका भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक का भी प्लान है। बता दें कि इटली में भारतीय समुदाय ब्रिटेन के बाद यूरोप में भारतीयों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है।

इटली पहुंचने से पहले बीते एक नवंबर को विदेश मंत्री जयशंकर ने पुर्तगाल में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया था। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के करीबी संबंधों को बढ़ावा देने में भूमध्यसागरीय देश की भूमिका को रेखांकित किया था। उन्होंने भारतीय समुदाय से भारत-पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ समारोह में योगदान देने का भी आग्रह किया। विदेश मंत्री ने वैश्विक कार्यस्थल में प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी की प्रासंगिकता को पहचान कर सीधी हवाई कनेक्टिविटी की जरूरत पर बल दिया।

# पाकिस्तान में आम चुनाव की तारीखों का एलान

**करांची,02 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए तारीखों का एलान हो चुका है। चुनाव आयोग (ईसीपी) ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी देते हुए बताया कि देश में आम चुनाव 11 फरवरी को होगा। पाकिस्तान चुनाव आयोग के वकील सजील स्वाति ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण 29 जनवरी तक पूरा होगा। राष्ट्रीय सभा और प्रांतीय विधानमंडलों के विघट के बाद सुप्रीम कोर्ट के 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने का आदेश दिया था।



### राजनीतिक विश्लेषकों ने जताई थी चिंता

देश में राजनीतिक विश्लेषकों ने भी पिछले जनवरी में चुनावों में संभावित देरी के बारे में चिंता जताई है। कई लोगों ने कहा है कि कोई भी राजनीतिक दल चुनावी मोड में नहीं दिख रहा है, जबकि कुछ अन्य ने आगाह किया है कि कठोर सर्दियां मतदान प्रक्रिया में बाधा डाल सकती हैं।

एक बड़े आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान, अप्रैल 2022 में नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से इमरान खान सरकार को हटाए जाने के बाद से राजनीतिक अनिश्चितता की चपेट में है।

हाल ही में एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में राष्ट्रपति अल्वी ने कहा था कि उन्हें जनवरी में चुनाव होने के आसार नहीं दिख रहे। इसके लिए कई प्रयास किए, जिसमें पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को पत्र लिखना भी शामिल था। बता दें ईसीपी ने पहले कहा था कि चुनाव जनवरी के आखिरी सप्ताह में होंगे लेकिन राजनीतिक दलों की मांग के बावजूद सटीक तारीख देने से इनकार कर दिया था।

# जॉर्डन ने इस्राइल से राजदूत वापस बुलाया,US बोला- उसे द्विपक्षीय संबंधों को अपने अनुसार रखने का अधिकार

**वाशिंगटन,02 नवम्बर 2023 ।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों के बीच जारी संघर्ष में 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, जॉर्डन ने हाल ही में इस्राइल से अपने राजदूत को वापस बुलाने का एलान किया। साथ ही, इस्राइली राजदूत को गाजा पर बमबारी के विरोध में हो रहे प्रदर्शन से दूर रहने को कहा है। हालांकि, अमेरिका का सहयोगी कहे जाने वाले जॉर्डन के इस कदम को लेकर व्हाइट हाउस पर सवाल उठने लगे हैं। जॉर्डन द्वारा इस्राइल से अपने राजदूत को हटाए जाने पर व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा है कि जॉर्डन को द्विपक्षीय संबंधों को जिस तरीके से रखना है वो रख सकता है। उसे इसका अधिकार है।



### भले ही इस पर बयानबाजी...

पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा संघर्ष इस्राइल को और अधिक अलग-थलग कर सकता है क्योंकि जॉर्डन ने ऐसा कदम उठाया है, इस पर किर्बी ने कहा कि भले ही इस पर बयानबाजी होने वाली है या यह जॉर्डन सरकार के लिए बात करने का मुद्दा होगा। लेकिन मैं इन सब में शामिल नहीं होऊंगा। उन्हें द्विपक्षीय संबंधों को उस तरह से रखने का अधिकार है जैसा उन्हें ठीक लगे।

### हम इसका साथ नहीं छोड़ रहे

व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के लिए एकीकृत इस्राइल अच्छा है। उन्होंने कहा, %हम अब भी मानते हैं कि एकीकृत इस्राइल क्षेत्र के लिए अच्छा है और हम अभी भी मानते हैं कि यह रास्ता अपनाने लायक है। हम इसका साथ नहीं छोड़ रहे हैं।'

### निर्णय लेने का अधिकार

उन्होंने आगे कहा, 'फिर से यही कहूंगा कि जॉर्डन सरकार अपने फैसले ले सकती है। उसे बोलने और निर्णय लेने का अधिकार है। हम अब भी मानते हैं कि एक बड़ी शक्ति है और हम इसे छोड़ने नहीं जा रहे हैं।'

# गाजा के शरणार्थी शिविर में छिपे हमास के दो कमांडर मार गिराए,इस्राइली सेना का दावा

**यरुशलम,02 नवम्बर 2023।** हमास और इस्राइल के बीच भीषण युद्ध जारी है। लगातार एक-दूसरे पर रॉकेट दागे जा रहे हैं। इस्राइली सेना हमास के आतंकी ठिकानों को तबाह करने में लगा है। आसमान से लेकर जमीन तक सभी जगहों से हमास पर हमले किए जा रहे हैं। अभी तक 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा पट्टी पर लगातार हो रहे हमलों से परेशान होकर विदेशी लोग इस क्षेत्र को छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं।

हमास का कहना है कि इस्राइल द्वारा जबालिया शरणार्थी शिविर पर किए हमले में करीब 200 फलस्तीनियों की मौत हुई है। वहीं, इस्राइल का दावा है कि शिविर पर किए हमलों में दो हमास के कमांडर मारे गए हैं।

### लोगों के घरों के आसपास आतंकवादी मौजूद

इस्राइल ने लगातार दो दिन मंगलवार और बुधवार को जबालिया शरणार्थी शिविर पर हमला किया। उसका दावा है कि इन हमलों में हमास के दो कमांडर मारे गए हैं। साथ ही इस्राइली सेना ने यह भी कहा है कि इन शिविरों और लोगों के घरों के आसपास आतंकवादी मौजूद हैं। यह लोग जानबूझकर गाजा के नागरिकों को खतरे में डाल रहे हैं।



### कम से कम 195 फलस्तीनी मारे गए

वहीं, हमास ने गुरुवार को कहा कि जबालिया पर दो इस्राइली हमलों में कम से कम 195 फलस्तीनी मारे गए, जबकि 120 अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। वहीं, कम से कम 777 लोग घायल हुए हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि फलस्तीनियों ने बुधवार को मलबे में फंसे पीड़ितों की तलाश शुरू कर दी। यह एक नरसंहार है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार अधिकारियों ने कहा कि शिविर पर हमला युद्ध अपराध हो सकता है।

### 500 लोगों ने छोड़ा गाजा पट्टी

रिपोर्ट के अनुसार, 500 लोगों की एक सूची में कम से कम 320 विदेशी नागरिकों के साथ ही दर्जनों गंभीर रूप से घायल गाजावासी, इस्राइल, मिस्र और हमास के बीच एक समझौते के तहत बुधवार को मिस्र में प्रवेश कर गए। जिन लोगों ने गाजा पट्टी को छोड़ा है वो ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया, चेक गणराज्य, फिनलैंड, इंडोनेशिया, इटली, जापान, जॉर्डन, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक हैं।

गाजा सीमा के अधिकारियों ने कहा कि सीमा क्रॉसिंग गुरुवार को एक बार फिर खुलेगी ताकि विदेशी नागरिक वहां से बाहर निकल सकें। एक राजनयिक सूत्र का कहना है कि करीब 7,500 विदेशी पासपोर्ट धारक लगभग दो सप्ताह में गाजा छोड़ देंगे।

# सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने भंग की संसद,इस तारीख को मतदान कराने की अपील की

**बेलग्रेड, 02 नवम्बर 2023।** सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने संसद को भंग कर दिया है। साथ ही उन्होंने 17 दिसंबर को स्थानीय चुनावों के साथ ही नई संसद के लिए मतदान कराने का आह्वान किया है। दो साल से भी कम समय में संसद भंग करने के पीछे घरेलू और यूरोपीय यूनियन का राजनीतिक दबाव बताया जा रहा है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सर्बिया में साल 2022 में ही संसद के लिए चुनाव हुए थे। उस चुनाव में सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी ने जीत दर्ज की थी। वहीं, दो साल के भीतर ही पार्टी के नेता राष्ट्रपति वुसिक को बुधवार को संसद भंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा। बता दें कि सर्बिया यूरोपीय यूनियन में शामिल होना चाह रहा है। राष्ट्रपति वुसिक के इस निर्णय को इसी दिशा में उठाया जा रहा कदम कहा जा रहा है।

बता दें कि राष्ट्रपति वुसिक और सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी साल 2012 से सर्बिया की सत्ता में है। हालांकि, उन पर हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गए हैं। राष्ट्रपति वुसिक का यह कदम मई में एक के बाद एक गोलीबारी के कई मामलों के बाद उठाया गया है। इन घटनाओं में 18 लोग मारे गए थे। इन घटनाओं के तुरंत बाद संसद को भंग करने के निर्णय पर सर्बिया में यूरोपीय संघ समर्थक कई पार्टियों ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने नए चुनाव कराने की प्रदर्शनकारियों की मांगों को नजरअंदाज कर दिया है।

सर्बिया में यूरोपीय संघ समर्थक पार्टी ने घोषणा की सर्बिया एक गहरे राजनीतिक और सामाजिक संकट में है। उन्होंने कहा कि महीनों से विरोध कर रहे लोगों की मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया है। हमें राजनीति में जिम्मेदार लोगों की जरूरत है जो समस्याओं को नजरअंदाज करने के बजाय उनका समाधान करें।

बता दें कि सर्बिया के यूरोपीय संघ में शामिल होने का मतलब होगा कि उसे 28 देशों के संघ के दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। इन दिशानिर्देशों में यूक्रेन-रूस आक्रमण, संगठित अपराध और भ्रष्टाचार से निपटना और कानून के शासन और मानवाधिकारों को मजबूत करना शामिल है। सर्बिया और कोसोवो के बीच तनाव के कारण यूरोपीय संघ में शामिल होने की उसकी कोशिशों में भी रुकावट आ रही है। दरअसल, कोसोवो को 100 से अधिक देशों द्वारा मान्यता प्राप्त है बावजूद इसके सर्बिया अभी भी कोसोवो को एक दक्षिणी प्रांत मानता है।

# लास वेगास में निर्वस्त्र युवक ने पुलिस से छीनी कार,भागने के दौरान दूसरी कार में मारी टक्कर




**वॉशिंगटन,02 नवम्बर 2023।** अमेरिका में एक हैरान करने वाली घटना सामने आयी है। दरअसल अमेरिका के लास वेगास में एक निर्वस्त्र व्यक्ति ने पहले पुलिस पर हमला कर उनकी आधिकारिक कार लूटी और फिर उस कार से एक अन्य कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में आरोपी और कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो वायरल हो रहा है।

### क्या है मामला

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना मंगलवार देर रात की है, जब लास वेगास पुलिस को सूचना मिली की एक युवक सड़क पर निर्वस्त्र घूम रहा है। इस पर पुलिस का एक अधिकारी मौके पर पहुंचा तो आरोपी युवक ने उस पुलिस अधिकारी पर हमला कर दिया। आरोपी ने पुलिस अधिकारी को सड़क पर गिरा दिया और पुलिस की गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी का करीब पांच मील तक पीछा किया। जब पुलिस आरोपी का पीछा कर रही थी, तभी आरोपी ने एक अन्य कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में आरोपी भी घायल हुआ है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

आरोपी की पहचान 29 वर्षीय क्लाइड काबुलिसान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है लेकिन फिलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी के खिलाफ डकैती, पुलिस अधिकारी के निर्देश को ना मानने और उस पर हमला करने जैसे कई आरोप लगे हैं। पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति की भी जांच कर रही है।



## महामाया थोक फल मंडी संघ अंबिकापुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया गठन

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**


महामाया थोक फल मंडी अंबिकापुर कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का गठन किया गया फल मंडी संघ के सदस्यों की सहमति से संतोष सोनकर जी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया.संरक्षक.मुद्रिका प्रसाद सोनी. जीत लाल केशरवानी उपाध्यक्ष.कृष्ण अग्रहरी. कृष्णा जायसवाल.सचिव.जितेंद्र गुप्ता. सहसचिव. प्रमोद सोनी. कोषाध्यक्ष.जय लोचवानी. सह कोषाध्यक्ष.विनय रंजन जायसवाल.फल मंडी व्यवस्थापक. सुदर्शन गुप्ता. गोपाल जयसवाल मीडिया प्रभारी.विनोद जायसवाल.अजय सोनी. मंडी स्वच्छता प्रभारी. संतोष गुप्ता. कृष्ण गुप्ता. मंडी बैठक व्यवस्था. जय किशन जयसवाल कलेक्शन प्रभारी राजू जायसवाल अजय सोनकर कार्य समिति सदस्य. पिंटू गुप्ता अशोक सोनी विनोद केसरवानी लालजी सोनकर शंकर मित्तल को बनाया गया।

# सिंगापुर में रहने वाले विदेशियों के लिए चेतावनी जारी,इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर दिए खास निर्देश

**सिंगापुर, 02 नवम्बर 2023।** इस्राइल और हमास के बीच तीन सप्ताह से जंग जारी है। इस्राइल ने हमास के कब्जे से अपने बंधकों को छुड़ाने के लिए गाजा में हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, सिंगापुर में सरकार ने देश में रहने वाले विदेशियों के लिए चेतावनी जारी की है। सिंगापुर के जनशक्ति मंत्रालय (एमओएम) ने कहा है कि देश में रहने और काम करने वाले विदेशी अपने राजनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए उसका मंच के रूप में उपयोग न करें।

जनशक्ति मंत्रालय (एमओएम) ने ये चेतावनी एक फेसबुक पोस्ट के जरिए दी। इसमें मंत्रालय ने लिखा, %इस्राइल और हमास के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि हम शांत रहें और इन बाहरी घटनाओं से सिंगापुर में नस्लीय और धार्मिक सद्भाव और शांति को प्रभावित न होने दें।

सिंगापुर में विदेशियों को बैनर, झंडे और पोस्टर जैसी सामग्रियों के सार्वजनिक प्रदर्शन सहित किसी भी तरह से विदेशी राजनीति का समर्थन नहीं करने के लिए भी कहा गया है। उनसे यह भी कहा गया है कि वे व्यक्तिगत या ऑनलाइन रूप से ऐसी कोई भी पोस्ट या बयान न दें जो भावनाएं भड़का सकती हो जिसके परिणामस्वरूप हिंसा हो सकती है। ऐसा करना सिंगापुर के कानून के तहत अपराध और दंडनीय है। ऐसे अपराधियों को सिंगापुर में काम करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।




इसके साथ ही सिंगापुर सरकार ने गाजा में संघर्ष पीड़ितों की मदद के लिए दान देने वालों को भी सलाह दी है। सरकार ने कहा है कि ऐसे लोग जो संघर्ष पीड़ितों की मदद करना चाहते हैं वे सिंगापुर रेड क्रॉस या रहमतान लिल अलामिन फाउंडेशन जैसे आधिकारिक चैनलों का ही उपयोग करें। बता दें कि इससे पहले, सिंगापुर सरकार ने अक्तूबर में गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी क्षेत्र में पीड़ितों के लिए सिंगापुर रेड क्रॉस के जरिए राहत कार्यों के लिए 219,073 अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की थी। जनशक्ति मंत्रालय, गृह मंत्रालय और आंतरिक सुरक्षा विभाग ने इस बाबत एक एक संयुक्त सलाह भी दी है। इसमें कहा गया है कि उग्रवाद, हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ सिंगापुर ने शून्य-सहिष्णुता वाला द्रष्टिकोण अपना रखा है। हम आगे भी इसी पर कायम रहेंगे।

### सिख प्रतिनिधिमंडल ने फलस्तीनी राजदूत से की मुलाकात

इस बीच, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत सिंह जीके के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को भारत में फलस्तीनी राजदूत अदनान अबू अल-हिजा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने इस्राइल-हमास संघर्ष से प्रभावित लोगों को मदद की पेशकश की।

मुलाकात के बाद मंजीत सिंह जीके ने कहा कि हमारा समुदाय हमेशा शांति और सद्भाव की वकालत करता है। हम उन लोगों की मदद करना चाहते हैं जो इस्राइल-हमास युद्ध से प्रभावित हैं। मनजीत सिंह जीके ने आगे कहा कि जिसे भी मदद की जरूरत है, चाहे वह इस्राइल हो या फलस्तीन हम सभी को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

# नए नवेले कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में बैकुंठपुर विधायक प्रत्याशी का नामांकन कार्यक्रम पूरी तरह दिखा अव्यवस्थित

**विधायक के साथ निकली नामांकन रैली को आधे रास्ते में ही छोड़ विधायक डिप्टी सीएम के साथ जा पहुंची जिला निर्वाचन कार्यालय...जमा किया नामांकन**

**डिप्टी सीएम का उद्बोधन तक नहीं सुन पाई नामांकन के लिए जुटी भीड़**

**कांग्रेस प्रत्याशी की छपी टी-शर्ट भी नामांकन में शामिल हुए लोगों को नहीं बांटी जा सकी-सूत्र**

**नामांकन कार्यक्रम के सभा स्थल पर कांग्रेस प्रत्याशी भी नहीं दे पाई समय,मंच पर जो आया वही भाषण दिया चलता बना,बड़े नेता दिखे नदारद**

**डिप्टी सीएम से मिलने बड़े नेता हेलीपैड तक ही सीमित रह गए आम सभा सिर्फ नाम की रह गई**

**कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता भी नहीं दिखे पूरे कार्यक्रम में सभी की दूरी रही चर्चा का विषय**


फाईल:फोटो


फाईल:फोटो

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,02 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में कांग्रेस ने नया जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को बनाया जिनके नेतृत्व में पहली बार कांग्रेस प्रत्याशी के लिए नामांकन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिस कार्यक्रम को पूरी तरीके व्यवस्थित करके इस कार्यक्रम को सफल बनाना इनका जिम्मा था पर यह कार्यक्रम अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। इस कार्यक्रम को व्यवस्थित करके वृहद बनाया जा सकता था, जबकी कार्यक्रम के लिए काफी पैसे भी खर्च हुए जितने पैसे खर्च हुए उसमें बहुत अच्छे से कार्यक्रम सफल बनाया जा सकता था, बहुत अच्छे तरीके से कैंपनिग की जा सकती थी पर जिलाध्यक्ष ऐसा कर नही पाए। भीड़ तो जुटाने में सफल रहे पर भीड़ को व्यवस्थित तरीके से एकजुट रखने में असफल दिखे, कार्यक्रम जीस विधायक प्रत्याशी के लिए रखा गया वह खुद उस कार्यक्रम में काफी कम समय के लिए देखी गई, बाकी कार्यक्रम को जो आया वहीं मंच संचालन करके भाषण देकर आगे बढ़ता रहा। जुटाई गई भीड़ भी डिप्टी सीएम का भाषण सुनने के लिए खड़ी रही पर अंत में उन्हें उनके बिना भाषण सुने ही व बिना देखे ही उन्हें जाना पड़ा। सभा में डिप्टी सीएम पहुंच भी नहीं पाए उनके पहुंचने से पहले ही वहां से विधायक प्रत्याशी रैली लेकर रवाना हो गई, डिप्टी सीएम को रास्ते में रैली में शामिल होना पड़ा, जानकारों की माने तो डिप्टी सीएम उपभोक्ता फोरम न्यायालय के पास रैली में शामिल हुए और गंगाश्री होटल पार करने के बाद रैली को छोड़कर गाड़ी में बैठ विधायक प्रत्याशी व डिप्टी सीएम सीधे जिला निर्वाचन कार्यालय के लिए निकल गए, जिस रैली को विधायक प्रत्याशी के साथ नामांकन जमा करने नामांकन स्थल तक पहुंचाना था उस रैली को बीच में ही छोड़ दिया गया और सीधे जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच के फॉर्म जमा किया गया और फिर वहां से कोरिया कुमार चौक के लिए निकल गए, वहां पहुंचकर डिप्टी सीएम के द्वारा कोरिया कुमार के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया और वह वहीं से हेलीपैड के लिए निकल गए, कहीं ना कहीं इस कार्यक्रम के लिए जुटाए गई भीड़ भी आश्चर्यचकित देखी गई और वह सोचती नजर आई की क्या उन्हे केवल रोड शो के लिए लाया गया था। नामांकन रैली में शामिल होने के लिए काफी पैसे खर्च कर विधायक प्रत्याशी की चित्र वाली छपी टीशर्ट भी मंगवाया गया था पर यह टीशर्ट एक भी नामांकन रैली में पहने हुए लोग नहीं देखे गए सूत्रों का दावा है, सिर्फ विधायक प्रत्याशी के लिए भीड़ जुटाकर ही अपनी वाह वाही लूटने में नए नवेले कांग्रेस जिलाध्यक्ष व जनता जोगी कांग्रेस से वापसी कर कांग्रेस में दोबारा आने वाले नेताओं ने अपनी उपलब्धि व वाहवाही लूट ली, और विधायक प्रत्याशि को बताया कि हम आपके लिए पूरी शिद्दत से कामकर रहे हैं, जबकि भीड़ नेतृत्व विहीन नजर आई और वह संदेश नहीं छोड़ पाई जो उसे छोड़ना था।


फाईल:फोटो

### बड़े नेताओं को सिरे से किनारे किया गया,पूछ परख भी नहीं हुई उनकी,उनके बिना जीत दर्ज होगी यही तैयारी नजर आई

कांग्रेस के क्षेत्र के बड़े नेताओं को बिल्कुल किनारे रखा गया उन्हे मंच सहित अन्य जहगों पर सम्मान सहित नहीं बुलाया गया इसलिए वह वहां नहीं पहुंचे यह बताया जा रहा है,बड़े नेता केवल उप मुख्यमंत्री से मिलने हेलीपैड पहुंचे और वहीं से वह लौट गए,बताया जा रहा है की बड़े नेताओं को और अन्य कार्यकर्ताओं को बिना चुनाव अभियान में शामिल किए चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं विधायक सहित विधायक समर्थक उनका मानना है की पिछ्ले चुनाव की ही तरह उनके लिए राह आसान है और शासन की योजनाएं उनके लिए काफी हैं उन्हे किसी के सामने निवेदन की जरूरत बिल्कुल नहीं वहीं वह इस जीत के बाद साबित कर देंगे की बड़े नेता पार्टी में कितना जनाधार रखते हैं।


फाईल:फोटो

### पटना क्षेत्र से निकली रैली पहुंची सबसे विलंब से,पटना में ही ज्यादा समय तक तैयारियों में रह गई बड़ी रैली

कांग्रेस प्रत्याशी के लिए नामांकन के लिए भीड़ जुटाने का जिम्मा क्षेत्र अनुसार अलग अलग लोगों को दिया गया था,यह जिम्मा खुद विधायक ने दिया था इसमें कांग्रेस संगठन से केवल नए जिलाध्यक्ष ही शामिल थे शेष जिम्मा जोगी कांग्रेस से कांग्रेस में शामिल एक नेता उनके समर्थकों ने और विधायक समर्थकों ने सम्हाल रखा था,पटना क्षेत्र से लगभग दो हजार की भीड़ जुटाई गई थी और ऐसा इसलिए भी किया गया था की इससे भाजपा प्रत्याशी और उनके खेमे को एक बड़ा संदेश दिया जा सके जो यह साबित कर सके की पटना क्षेत्र जो वह मजबूत मानकर खुद के लिए चल रहे हैं वह अब मजबूत नहीं है वहां सेंध लगाई जा चुकी है,भाजपा प्रत्याशी और उनके खेमे में ही हलचल पैदा करने के लिए भीड़ को अधिक समय तक पटना में ही रोके रखा गया और जब भीड़ बैकुंठपुर पहुंची उसकी उपयोगिता उसकी असल उद्देश्य से वह भटका नजर आया और भीड़ आया गया वाली मानी गई,नामांकन का समय दोपहर 3 बजे था और पटना की भीड़ पहुंची 2 बजे के बाद जो बताया जा रहा है।

### पुराने जिलाध्यक्ष होते तो कार्यक्रम अपार भीड़ व लाखों खर्च करने के बाद भी असफल नहीं होता

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में भीड़ जुटाने के लिए काफी मेहनत किया गया और भीड़ जुटाने काफी पैसा भी खर्च किया गया ,भीड़ जुटाने में लगी हुई कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित विधायक प्रत्याशी की टीम सफल भी हुई लेकिन भीड़ को वह व्यवस्थित नहीं रख पाए और भीड़ नेतृत्व विहीन दिखी,माना जा रहा है की जिस स्तर पर खर्च करके भीड़ जुटाई गई और जो भीड़ जुटी उसके बावजूद भीड़ अपने असल मकसद में कामयाब नहीं हुई जो एकजुट दिखाकर कामयाब हो सकती थी,भीड़ को एक जगह इकट्ठा करके उसे पार्टी के लिए काम करने मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सकता था जो नहीं हो सका,माना जा रहा है की यदि इस भीड़ का नेतृत्व पुराने जिलाध्यक्ष कर रहे होते तो वह इसे सफल कार्यक्रम सफल भीड़ के साथ आयोजित सफल नामांकन रैली आमसभा साबित कर पाते जो नए जिलाध्यक्ष और जोगी कांग्रेस से आए नए लोगों के द्वारा जो कांग्रेस में शामिल हुए हैं नहीं कर पाए।

### भीड़ डिप्टी सीएम को देख भी नहीं पाई और ना उनका उद्बोधन सुन पाई

कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली साथ ही नामांकन पूर्व आयोजित आमसभा भी फ्लॉप शो साबित हुई,मंच पर न तो विधानसभा स्तर के बड़े नेता नजर आए न ही मंच पर विधायक ही देर तक टिक पाई वहीं भीड़ मंच जहां आमसभा होनी थी वहां पहुंची और वहां वह उप मुख्यमंत्री के उद्बोधन के लिए इंतजार करती रही,जबकि उप मुख्यमंत्री आमसभा स्थल पर पहुंच ही नहीं पाए वह सीधे नामांकन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय गए वहीं से लौटे और उड़नखटोले में बैठकर उड़ते बने। भीड़ उनका इंतजार करती रही बाद में उन्हें पता चला वह रवाना हो गए।

### प्रचार प्रसार के लिए आये टी-शर्ट भी नामांकन रैली में पहने लोग नहीं दिखे

सूत्रों का दावा है की रैली में प्रचार प्रसार के लिए टी शर्ट भी बांटा जाना था जो नहीं बंट सका,माना जा रहा है की टी शर्ट बांटने में आचार संहिता अंतर्गत खर्च का प्रत्याशी के चुनावी खर्चे में जुड़ने का अंदेशा था इसलिए टी शर्ट नहीं बांटा गया।

### विधायक के करीबी सिर्फ भीड़ दिखाने में ही रहे मशगूल, भीड़ के एडवांटेज को नही भुना पाए

विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी के करीबी नामांकन में केवल भीड़ जुटाने में ही अपनी ऊर्जा लगाते नजर आए भीड़ का उन्हे एडवांटेज कैसे उठाना है यह वह तय नहीं कर पाए और भीड़ आई गई साबित हुई,भीड़ को आमसभा से जो संदेश दिया जाना था वह दिया भी नहीं जा सका भीड़ गाड़ियों में घूमती रही आमसभा स्थल से लेकर अन्य शहर के कई रास्तों पर भीड़ भटकती रही और नामांकन दाखिल हो गया जिससे भी अधिकांश भीड़ अनजान रही,विधायक के खास लोग अपनी सफलता रास्ते में गाड़ियों के काफिले तक से साबित कर पाए जबकि उन्हे काफिले को नेतृत्व देकर उसे आने वाले चुनाव में मतदान में तब्दील करने का प्रयास करना था जो वह नहीं कर सके।

### जिसकी नगर पालिका चुनाव में हुई थी जमानत जप्त...क्या वही जमानत जप्त वाले बचाएंगे कांग्रेस विधायक प्रत्याशी की जमानत,दिलाएंगे जीत?

कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष के नाम एक बड़ी हार दर्ज है वह नगरपालिका चुनाव में अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए थे एक चुनाव में ,अब उन्हे ही कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक की जीत तय करने का जिम्मा दिया गया है,अब देखना है की खुद की जमानत नहीं बचा पाने वाले नए कांग्रेस जिलाध्यक्ष किस तरह विधायक साथ ही प्रत्याशी को जीत दिला पाते हैं उनकी जमानत बचा पाते हैं।

# आज अंतिम तिथि तक 8 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन पत्र जमा

## कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिका सिंहदेव जमा किया नामांकन पत्र

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,02 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा बैकुंठपुर क्षेत्र क्रमांक 03 के तहत आज नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि तक 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा की है। आज नामांकन फार्म जमा करने के अंतिम तिथि में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव के मौजदूगी में जमा की है। इसके पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ आकाश जायसवाल, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ दुर्गेष साहू, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से मेजर प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी से सोमार साय लोहार, गोडवाना गणतंत्र पार्टी से संजय सिंह कमरो एवं निर्दलीय प्रत्यासी बृजमोहन साहू ने नामांकन पत्र जमा किया है।


फाईल:फोटो
कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिका सिंहदेव नामांकन जमा करते हुए


फाईल:फोटो
गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी संजय सिंह कमरो नामांकन जमा करते हुए

### नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 31 अक्टूबर

नामनिर्देशन पत्र की संवीक्षा न्यायालय, अपर कलेक्टर, कोरिया के कक्ष क्रमांक 2 में मंगलवार 31 अक्टूबर, 2023 को सुबह 11 बजे से शुरू की जाएगी।

### नाम वापसी 2 नवम्बर

अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना अभ्यर्थी या उसके प्रस्तावक या उसके निर्वाचन अभिकर्ता (जिसे अभ्यर्थी द्वारा सुपुर्द करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो) द्वारा गुरुवार 2 नवम्बर, 2023 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में जमा होगा।

### मतदान 17 नवम्बर

कोरिया जिले में मतदान शुक्रवार 17 नवम्बर, 2023 को प्रातः 8

**फर्जी शपथ बनवाकर बेल करवाना पड़ा महंगा,कोरिया पुलिस ने आरोपी संजय अग्रवाल को फिर भेजा सलाखों के पीछे**

# जिला बदर होने के बाद फिर बिल्डर संजय अग्रवाल गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,02 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया के बैकुंठपुर शहर के माने जाने बिल्डर की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है पिछ्ले तीन सालों से इनका जेल आना-जाना कई बार हो चुका है, एक बार फिर इनके ऊपर नया अपराध बैकुंठपुर पुलिस द्वारा पंजीकृत किया गया है आरोप यह है कि अपहरण कर प्रार्थी का फर्जी शपथ पत्र लगाकर जमानत ले लिया गया है।

पुलिस की जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दिनांक 13.10.2023 को प्रार्थी संतकुमार चेरवा आ. रामसाय चेरवा सा0 मनसुख थाना बैकुन्द्रपुर जिला कोरिया के द्वारा थाना अजाक में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अप 32/2020 धारा 294, 506, 420, 467, 468, 471, 374, 409, 120बी, भादवि0 एवं धारा 3(1) (आर) (एस), 3(1) एवं 3(1) (एफ), 3 (1) (जी) और 3(2)(द) एट्रोसिटी एक्ट की आरोपी सीमा अग्रवाल की अग्रिम जमानत कराने के लिए संजय अग्रवाल ने प्रार्थी संतकुमार चेरवा को अनुसूचित जाति का सदस्य होना जानते हुए भी कट्टा दिखा कर क्षति कारित करने का भय दिखाते हुए मारपीट कर जबरन अपहरण कर अपने साथी चंदन शर्मा निवासी गोदरीपारा चिरमिरी, थाना चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. के साथ मिलकर दोनो दस तीनो तक विभिन्न स्थानों में परिरोध में रखकर दबाव पूर्वक आरोपिया की अग्रिम जमानत में कोई आपत्ति नहीं होने का शपथ पत्र माननीय हाई कोर्ट बिलासपुर में दिलाये थे। जिसके संबंध में



शिकायत आवेदन पत्र दिये जाने पर शिकायत की जांच नेलशन कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक, अजाक बैकुण्ठपुर के द्वारा की गई। जाँच के दौरान प्रार्थी, गवाह, स्वतंत्र गवाहों का कथन लिया गया, शिकायत पत्र की जांच पर उक्त तथ्य भली भांति प्रमाणित पाये जाने से आरोपीगण संजय अग्रवाल निवासी बैकुण्ठपुर स्कूलपारा, थाना बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया एवं चंदन शर्मा निवासी गोदरीपारा चिरमिरी थाना चिरमिरी जिला एम.सी.बी. के विरुद्ध थाना अजाक बैकुण्ठपुर में अपराध क्रमांक 08 / 2023 धारा 343, 506, 365, 367, 368 34 भा.द.वि., 3(1) (ग), 3(1) (द) एससी/एसटी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। श्रीमती कविता ठाकुर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुन्ठपुर की विवेचना के दौरान आरोपी संजय अग्रवाल के विरूद्ध अपराध घटित करना प्रमाणित पाये जाने से इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक कोरिया को दी गई। जिसके पश्चात् पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री त्रिलोक बंसल के द्वारा टीम गठित कर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में कविता ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुन्ठपुर अपनी टीम के साथ दिनांक 01.11.2023 को थाना औरछा, जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश से आरोपी संजय अग्रवाल को गिरफ्तार कर थाना अजाक बैकुन्ठपुर जिला कोरिया लाया गया है जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, प्र.आर. अरविन्द कौल, आरक्षक शिवम सिन्हा, थाना पटना से आरक्षक अजीत राजवाडे, थाना चरचा से आरक्षक राजेश रागडा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इनके उपर 11 अपराध पंजीबद्ध है- गौरतलब है कि आरोपी संजय अग्रवाल आदतन गुण्डा बदमाश आरोपी है जिसके खिलाफ अब तक 1. अपक 99/07, धारा 186, 353, 294, 506, 147, 427, 34 ता.हि. 2. अप. क 26/ 12, धारा 188, 193 ता.हि. 3. अपक 66/16 धारा 420,467, 468, 471, 34 ता.हि. 4. अप. क. 05/17 धारा 294, 506,147 ता.हिज 5. 96/17 धारा 341,294, 143,323,506,353,332 ताहि, 6 अप.क्र. 131/17 धारा 188.294, 506, 323, 395,427,447,448,487,468, 420बी ता.हि, 3(2) (4) (5)एससी/एसटी एक्ट 7. अप.क. 308/19 धारा 294, 506,323,147, 148 ता.हि. 8. अप.क. 227 / 20 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 ता.हि. 9. अप.क. 243/ 20, घारा 294, 506, 342, 365,420, 467, 468, 471, 120बी, 34 ताहि 10 अप. क. 326/20, धारा 220, 120 बी 294, 506, 34 उप ङ्क 3(2)(क), 3(1)( )(ध) एससी/एसटी एक्ट, 11. अप.. 30/21 420, 120बी ता. हि कुल 11 अपराध पंजीबद्ध है एवं कई बार धारा 110 जा.फौ. के तहत् प्रतिबंधक कार्यवाही की गई है साथ ही आरोपी संजय अग्रवाल के विरूद्ध जिला दण्डाधिकारी कोरिया के कार्यालय से इस वर्ष जिला बदर किये जाने का आदेश जारी हुआ है।

CMYK

# हम सरकार नहीं परिवार चलते हैं:शिवराज सिंह चौहान

## मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम के पक्ष में मांगा जनता का आशीर्वाद

### जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, जिला चुनाव प्रभारी उत्तर प्रदेश की विधायिका श्रीमती मनीषा अनुरागी, भाजपा प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, आधा राम बैस, संयोजक नवल नायक, प्रभारी सतीश तिवारी तथा भाजपा के पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्षो के द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के अनूपपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा भारतीय जनता पार्टी में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।





-अरविन्द द्विवेदी-
अनूपपुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा 1 नवंबर को पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लीला टोला में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सरकार नहीं परिवार चलते हैं। भांजे भांजियों, बेटा बेटियों, बुजुर्गों, माता बहनों का भैया हूं। कांग्रेस के किसी मुख्यमंत्री ने आज तक एक पैसा नहीं दिया, जिसके दिल में प्यार है वही चिंता करता है। बहनों को कभी पैसों की जरूरत पड़ जाए तो उन्हें हाथ फैलाना पड़ता था हमने भाई होने का फर्ज निभाया है। 1000 से शुरुआत की और 1250 रुपए अभी दे रहा हूं आगे इस राशि को बढ़ाकर 3000 करने के साथ ही प्रत्येक महिला को लखपति बनाने का कार्य तमाम योजनाओं के माध्यम से करूंगा। अभी एक करोड़ 32 लाख महिलाओं को लाडली बहन का लाभ मिल रहा है जो महिलाएं शेष बची हैं उन्हें भी चुनाव के बाद इस योजना से जोड़ा जाएगा और लाभ दिया जाएगा। हमने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी के साथ गरीब किसानों की चिंता की और सबके सम्मान में कार्य करने का प्रयास किया है।



### मेरा श्राद्ध कांग्रेसी क्या करेंगे...मैं राख के ढेर से जिंदा हो जाऊंगा

जिले के पुष्पराजगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत लीला टोला में भाजपा प्रत्याशी हीरा सिंह श्याम के पक्ष में जनता का आशीर्वाद मांगने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेसी मेरा श्राद्ध कर रहे हैं शायद उन्हें पता नहीं कि मैं राख के ढेर से भी जिंदा हो जाऊंगा उन्होंने कहा कि पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र से हमने हीरा खोज कर निकाला है हीरा जीतेगा तो भाजपा की सरकार बनेगी, यदि कांग्रेस जीती तो सभी योजनाएं बंद कर देगी जैसे कि पूर्व में कमलनाथ की सरकार ने किया था अनेक योजनाओं को बंद करके जनता के साथ विश्वास घात किया।

### लीला टोला में खुलेगा हॉयर सेकेंडरी स्कूल और महाविद्यालय

ग्राम पंचायत लीला टोला में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जनता की मांग पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा की ग्राम पंचायत लीला टोला में हॉयर सेकेंडरी खोलने के साथ ही महाविद्यालय भी बच्चों के भविष्य के लिए खोला जाएगा इसके साथ ही ग्राम पंचायत सरई में भी जनता के मंसा के अनुरूप विद्यालय खोले जाएंगे साथी युवाओं के खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए योजना बनाकर फुटबॉल खेल मैदान के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक परिवार को एक रोजगार देने का तमाम योजनाओं के माध्यम से काम किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान से लोगों को किया गया जागरूक

-संवाददाता-
सूरजपुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार तथा जनपद पंचायत रामानुजनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय राय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत रामानुजनगर के कैडेटों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत रैली निकालकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए आग्रह किया जा रहा हैं। बिना किसी लालच एवं भय के साथ 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए घर-घर जाकर समझाइश दी जा रही है। जनपद पंचायत रामानुजनगर के नोडल अधिकारी श्री एस तिग्गा एवं माधुरी भंडारी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित मतदाता जागरूकता दल घर जाकर सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जिससे सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें तथा कोई भी योग्य मतदाता मतदान से वंचित न रहे।

## अंतिम दिन 07 अभ्यर्थियों ने नाम लिया वापस

### 42 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में





-संवाददाता-
सूरजपुर,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आज नाम वापसी के अंतिम तिथि के दिन विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर (04) से 02, भटगांव (05) से 03 एवं प्रतापपुर (06) से 02 अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ली। इसके साथ ही प्रेमनगर (04) से 12, भटगांव (05) से 17 एवं प्रतापपुर (06) से 13 अभ्यर्थी अर्थात कुल 42 अभ्यर्थी चुनावी मैदान मे है। इसके साथ ही सभी को दलीय संबद्धता के आधार पर प्रतीक चिन्ह आबंटित कर दिया गया है।




## आबकारी विभाग ने अवैध मादक पदार्थ किया जप्त

-संवाददाता-
सूरजपुर 02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा आबकारी अधिनियम 1915 के विभिन्न धाराओं के तहत् अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थों के विरूद्ध और आदर्श आचार संहिता के तहत अक्टूबर माह 2023 में कुल 39 प्रकरण कायम कर 270 बल्क लीटर महुआ अवैध शराब एवं विदेशी मदिरा 18.960 बल्क लीटर एवं 91 बल्क लीटर हंडिया कोसना एवं महुआ लाहन 380 किग्रा. एवं हंडिया कोसना 300 कि.ग्रा. जप्त किया गया। जिसकी न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है।

## दीपका पुलिस ने रिहायशी क्षेत्र में संग्रहित 33 लाख के 66 कार्टून अवैध फटाके को किया जप्त



-संवाददाता-
कोरबा,02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों/अवैध विस्फोटक पदार्थ पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राबिंसन गुरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी दीपका अश्विनी राठौर के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम द्वारा दिनांक 01/11/2023 को अवैध फटाका भंडारण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 01/11/2023 को सुचना प्राप्त हुआ था कि कटघोरा रोड दीपका के रिहायशी इलाके में महेश अग्रवाल फटाके का अवैध भण्डारण करके रखा है जो जन सामान्य के लिए संकटापन्न है, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कटघोरा रोड दीपका आरोपी के मकान से 30,00000/- रु कीमती के अलग-अलग कंपनियों के विभिन्न फटाका 60 अलग अलग में कार्टून बरामद किया गया। इसी तरह कटघोरा रोड दीपका के शुभम अग्रवाल व ताराचंद अग्रवाल से भी 06कार्टून पटाखा बरामद किया गया । कुल 66 कार्टून फटाका कीमती लगभग 33,00000/- रुपए जिसे जप्त कर धारा- 286 भा .द .वि . व 9(बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना दीपका के सउनि परमेश्वर राठौर, अश्विनी निरंकारी,खगेश राठौर,प्र.आरक्षक रामरतन टंडन , आर जगजीवन कँवर,इसदौर एक्का,संजू श्रीवास,विनोद रात्रे महिला आर.दीपा साहू,संतोषी खूँटे शामिल रहे।

## प्रेक्षक श्री मंडल ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा 02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा और रामपुर विधानसभा के लिए नियुक्त प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री प्रियतु मंडल ने झगरहा स्थित आई.टी.कालेज में स्थापित किए जा रहे स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री मंडल ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली। प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल को अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी और मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी पर सामग्री लेने की व्यवस्थाएं बताई। प्रेक्षक ने मतगणना के लिए तय कमरों में भी पहुंचकर वहां किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया तथा विधानसभा वार गणना के लिए लगने वाली टेबलों की स्थिति, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के बैठने आदि की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से ली। इस दौरान प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल और व्यय आब्जर्वर श्री ओ.एन.हरिप्रसाद राव तथा पुलिस आब्जर्वर श्री सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने शराब दुकान और गोदाम में जाकर यहां किये जा रहे रिकार्ड संधारण सहित उपलब्ध स्टाक की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## परियोजना प्रमुख मधु एस ने संभाला एनटीपीसी कोरबा का कार्यभार

-संवाददाता-
कोरबा 02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



एनटीपीसी कोरबा के महाप्रबंधक श्री मधु एस. ने 01 नवंबर 2023 से परियोजना प्रमुख के रूप में कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का कार्यभार संभाला लिया है। श्री मधु एस. (महाप्रबंधक) ने 1989 में कालीकट विश्वविद्यालय से बी.टेक (इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स) की डिग्री प्राप्त करने के बाद, वह 1990 में एनटीपीसी के साथ ईटी (श्वज्ञ) के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और एनटीपीसी के साथ उनका 33 वर्षों से अधिक का अनुभव रहा है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने रिहंद, बदरपुर और खरगोन जैसी अन्य एनटीपीसी संयंत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं। फरवरी 2022 में, वह अनुरक्षण विभाग एनटीपीसी कोरबा में शामिल हुए और बाद में फरवरी 2023 में उन्हें महाप्रबंधक (प्रचालन और अनुरक्षण) के रूप में पुनः नामित किया गया। उनके पास ईंधन प्रबंधन, प्रचालन और अनुरक्षण आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव है। उन्होंने 2007 में एमडीआई से रणनीति और वित्त में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री भी प्राप्त किया है। श्री मधु एस. ने अपने व्यापक और ज्वलंत ज्ञान और अनुभव से कंपनी में अब तक योगदान देते आएं है। अब एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में, उनका लक्ष्य कंपनी के आंतरिक और बाहरी हितधारकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरे करने का उपलक्ष है।

## पांच राज्यों में चुनाव एग्जिट पोल आयोजन प्रसारण पर रोक

-संवाददाता-
सूरजपुर 02 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सहित 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने एक अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के अनुसार आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन या प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एग्जिट पोल के आयोजन या प्रसारण पर रोक लगाई गई है।

भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम निर्वाचन को देखते हुए 7 नवम्बर को सुबह सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े 6 बजे तक की अवधि को एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने या प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी।

आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन पांच राज्यों में साधारण निर्वाचन और उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्रमांक संख्या (1) निविदा संख्याः एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.बी.एल.-23-24-34
कार्य- बिलासपुर मण्डल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पुल/बिलासपुर एवं शहडोल के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 136 डाउन (3x18.3 मी) एवं पुल संख्या 26 अप (3x12.2 मी) के मौजूदा प्लेट गर्डर के स्थान पर नये प्लेट गर्डर के प्रतिस्थापन का कार्य। अनुमानित लागतः रु. 3,52,04,433.55/-, प्रतिभूति राशिः- रु. 3,26,000/-.

क्रमांक संख्या (2) निविदा संख्याः एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.बी.एल.-23-24-35
कार्य- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/बिलासपुर में पुल संख्या 182 डाउन, 86 डाउन, 462 डाउन, 348 अप, 116 अप, 34 डाउन एवं 47 टीटी में इंट्रूमेनटेंसन का कार्य। अनुमानित लागतः रु. 3,85,00,000.00/-, प्रतिभूति राशिः- रु. 3,42,500/-.

क्रमांक संख्या (3) निविदा संख्याः एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.बी.एल.-23-24-36
कार्य- बिलासपुर मण्डल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 182 तिसरी एवं चौथी लाईन में साईड पाथवे एवं क्रोजन गार्ड के प्रावधान का बचा हुआ कार्य। अनुमानित लागतः रु. 2,90,57,840.67/-, प्रतिभूति राशिः- रु. 2,95,300/-.

क्रमांक संख्या (4) निविदा संख्याः एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.बी.एल.-23-24-37
कार्य- बिलासपुर मण्डल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता पुल/शहडोल के अधिकार क्षेत्र में पुलों के विविध रखरखाव जैसे थ्रु/पेच पेंटिंग, ग्रीसिंग, इपॉक्सी ग्राउटिंग, ट्रॉली रिफ्युज के क्रेक्ड/कोरोडेड चेकर्ड प्लेट का बदलाव और निरीक्षण प्लेटफार्म एवं सीढ़ी का प्रावधान। अनुमानित लागतः रु. 61,13,117.85/-, प्रतिभूति राशिः- रु. 1,22,300/-,
बोली प्रकिया की प्रारंभ तिथिः 06.11.2023, निविदा की अंतिम तिथि समयः दिनांक 20.11.2023 को 16.30 बजे।

उपरोक्त कार्य की आवश्यक एवं पूर्ण जानकारी उप मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय कार्यालय या www.ireps.gov.in. वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।
उप मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय
सीपीआर/10/279 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail
R.O.No.69689 R.O.Date:2-11-2023

# शान से सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम

» श्रीलंका को रिकॉर्ड रनों से दी मात

» वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम

» भारत ने श्रीलंका को 302 रन से हराया

» मोहम्मद शमी ने लिए पांच विकेट

**मुंबई,02 नवम्बर 2023।** गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले में भारतीय टीम की शानदार जीत हुई है। इस दौरान भारत ने श्रीलंका को 302 रनों के बड़े अंतर से परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम अजेय बढ़त के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं पॉइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ भारतीय टीम टॉप पर काबिज हो गई है। जबकि रनों के लिहाज से वर्ल्ड कप इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाली टीम बन गई है।

वहीं भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन का पहाड़ खड़ा किया था। जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम महज 19.4 ओवर में 55 रन पर ही सिमट गई। इस दौरान मोहम्मद शमी ने धमाकेदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने 5 ओवर में महज 18 रन देकर 5 विकेट चटकाए। इसके अलावा मोहम्मद सिराज ने तीन जबकि जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किया।



इसके साथ ही शमी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं श्रीलंका की पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ओवर की पहली ही गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने श्रीलंका टीम को पहला झटका दिया। इस दौरान पाथुम निसांका पहली ही गेंद पर पवेलियन लौट गए। दूसरे ओवर में मोहम्मद सिराज ने धमाकेदार अंदाज में गेदंबाजी करते हुए पहली ही गेंद पर दिमुथ करुणारत्ने को एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर सदीरा समरविक्रमा कैच आउट हुए। सिराज ने इन दोनों ही बल्लेबाजों को डक आउट किया। चौथे ओवर में सिराज ने पहली ही गेंद पर कुसल मेंडिस को क्लीन बोल्ड कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। कप्तान मेंडिस एक रन ही बना सके। इसके साथ ही सिराज ने कहर बरपाया और लगातार चार विकेट चटका दिए।

जबकि टॉस गंवा कर भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन बनाए। इस दौरान शुबमन गिल (92), विराट कोहली (88) और श्रेयस अय्यर (82) अपने शतक से चूक गए। वहीं श्रीलंका की तरफ से दिलशान मदुशंका ने 5 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने 10 ओवर में 80 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

हालांकि, भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर मदुशंका ने भारत को रोहित शर्मा के रूप में बड़ा झटका दिया। कप्तान रोहित महज 4 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद शुबमन गिल और विराट कोहली ने टीम इंडिया के लिए बखूबी मोर्चा संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 189 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। लेकिन 30वें ओवर में गिल के आउट होने के बाद ये पार्टनरशिप खत्म हो गई। उसके बाद भारत ने तीसरा विकेट विराट कोहली के रूप में गंवाया। कोहली को मदुशंका ने 32वें ओवर में पवेलियन भेजा। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने चौथे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की. राहुल ने 19 गेंदों में 21 रन बनाए। राहुल को दुष्मंथा चमीरा ने 40वें ओवर में हेमंथा को लपकवाया।

सूर्यकुमार यादव बड़ी पारी नहीं खेल सके। उन्होंने 9 गेंदों में 12 रन बाए। सूर्या को मदुशंका ने 42वें ओवर में आउट किया। फिर अय्यर और रविंद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 57 रन जोड़े लेकिन अय्यर 56 गेंदों में 82 रन की अहम पारी खेलकर मदुशंका के शिकार बन गए। फिर अय्यर के बाद शमी जडेजा का साथ देने आए लेकिन वो भी महज 2 रन बनाकर रनआउट हो गए। फिर भारत का आखिरी विकेट रविंद्र जडेजा के रूप में आउट हुए। जडेजा ने 24 गेंदों में 35 रन की अहम पारी खेली।

## एशिया रग्बी सेवंस ट्रॉफी में भारत की निगाहें स्वर्ण पदक पर

**मुंबई,02 नवम्बर 2023।** भारतीय रग्बी पुरुष और महिला टीम 3 और 4 नवंबर को दोहा, कतर में होने वाली एशिया रग्बी सेवन्स ट्रॉफी में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां महिलाएं पिछले साल के अपने रजत पदक को स्वर्ण में बदलना चाहेंगी क्योंकि वे शीर्ष स्तर पर होंगी। टूर्नामेंट में एशियाई टीमें।

दूसरी ओर, पिछले साल नौवें स्थान पर रही पुरुष टीम इस बार अपना प्रदर्शन बेहतर करने की कोशिश में है। पुरुष और महिला दोनों टीमों ने विशेष रूप से एशिया रग्बी सेवन्स ट्रॉफी की तैयारी के लिए एसएआई, कोलकाता में आयोजित एक कठोर प्रशिक्षण शिविर के बाद 29 अक्टूबर को दोहा के लिए उड़ान भरी।

÷एशिया रग्बी सेवेंस ट्रॉफी इस साल भारतीय रग्बी के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है। चूंकि महिला टीम को पोल पोजीशन पर रखा गया



है, सर्वोत्तम संभव परिणाम एशिया रग्बी सेवेंस सीरीज के लिए योग्यता सुनिश्चित करेगा। हम टीमों की तैयारी को लेकर आश्वस्त हैं। और पुरुषों और महिलाओं दोनों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए समर्थन करते हैं, भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा।

पुरुष टीम कप क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को इराक के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, जबकि महिलाएं सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मंगोलिया से भिड़ेंगी।

**भारत टीमः-**

महिलाः- वाहबिज भरूचा (कप्तान), संध्या राय, आकांक्षा आनंद कटकड़े, शिखा यादव, डुमुनी मांडी, गोमती, मामा नाइक, स्वेता शाही, उज्ज्वला घुगे, तारुलता नाइक, हूपी माझी, निर्मल्या राउत

पुरुषः- प्रिंस खत्री (कप्तान), नीरज, अजय, देवेन्द्र पडिर, सुकुमार हेम्ब्रोम, दीपक पुनिया, मोहित खत्री, हितेश डागर, गणेश माझी, आकाश बाल्मिकी, जावेद हुसैन, विनय अन्नबत्थिनी

## ब्राजील सीरी एःबाहिया ने फ्लुमिनेंस को 1-0 से हराया

**रियो डी जनेरियो ,02 नवम्बर 2023।** एवराल्डो स्टम के गोल की मदद से बाहिया ने ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में फ्लुमिनेंस पर 1-0 की घरेलू जीत के साथ अपने रेलीगेशन के डर को कम कर दिया।



कैमिलो कैंडिडो के छह-यार्ड बॉक्स के किनारे के क्रॉस के बाद एवराल्डो ने हाफ़टाइम से ठीक पहले गोल किया।

मेहमान टीम ने अधिकांश कब्ज़ा अपने नियंत्रण में रखा और गोल पर 17 शॉट लगाए लेकिन बाहिया के गोलकीपर मार्कोस मोंटेइरो को छकाने में असमर्थ रहे।

परिणाम ने बहिया को 20-टीम स्टैंडिंग में 13वें स्थान पर पहुंचा दिया, सीज़न में सात मैच शेष रहते हुए रेलीगेशन क्षेत्र से पांच अंक दूर हो गए।

इस बीच, फ्लुमिनेंस अपने पिछले चार मैचों में से तीन हारकर आठवें स्थान पर खिसक गया।

रियो डी जनेरियो के दिग्गज अब अपना ध्यान शनिवार को माराकाना स्टेडियम में अर्जेंटीना के बोका जूनियर्स के खिलाफ कोपा लिबर्टाडोरेस फाइनल पर लगाएंगे।

## मिचेल मार्श व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौटने के बाद अनिश्चित काल के लिए विश्व कप से बाहर

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया को इस खबर से बड़ा झटका लगा है कि फॉर्म में चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श निजी कारणों से स्वदेश लौट गए हैं और मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से अनिश्चित काल के लिए बाहर हो जाएंगे।



मार्श निजी कारणों से गुरुवार को भारत से स्वदेश लौट आए और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि टीम में उनकी वापसी की समयसीमा की पुष्टि की जानी है।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अपने साथी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को गोल्फ कोर्स पर अप्रत्याशित चोट लगने के कारण पहले ही खो दिया है, और मार्श की अनुपस्थिति ने और मुसीबत बढ़ा दी है क्योंकि पांच बार के विश्व कप चैंपियन नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

टीम के सदस्य एलेक्स कैरी, सीन एबॉट, मार्कस स्टोइनिस और कैमरून ग्रीन इंग्लैंड के साथ मैच के लिए मैक्सवेल और मार्श की जगह लेने की दौड़ में आएंगे, जबकि स्पिनर तनवीर संघा रिजर्व के रूप में टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। यदि ऑलराउंडर टूर्नामेंट के शेष भाग में नहीं खेल पाता है तो ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श की जगह लेने का विकल्प है, लेकिन सभी प्रतिस्थापन खिलाड़ियों को इवेंट तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदित करने की आवश्यकता है।

मार्श के नाम अब तक विश्व कप में कुल 225 रन और दो विकेट हैं, बल्ले से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ आया जब उन्होंने शानदार 121 रन बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया अपना अगला मुकाबला शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने एशेज प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड से खेलेगा।

## जेएंडके ने पंजाब को हराकर जीता बलराम दास टंडन अंडर 16 मल्टी डेज क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

**चंडीगढ़,02 नवम्बर 2023।**जम्मू एंड कश्मीर ने तीसरे बलरामजी दास टंडन अंडर-16 मल्टी डेज क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया है। डीएवी में खेले गये इस फाइनल मैच में पंजाब के विरुद्ध पारी में बढ़त के आधार पर जेएंडके ने मैच अपने नाम किया।



पहले दिन टास जीतकर जेएंडके ने फील्डिंग का फैसला किया और पंजाब को 256 पर आल आउट किया। मैच के दूसरे दिन एक समय पर 994 पर जूझ रहे जेएंडके को शौर्य चौहान और मनीतव्य शर्मा द्वारा पांचवें विकेट के लिए 121 रनों की साझेदारी ने संकट से उबारा और जीत की राह आसान की।शौर्य ने 14 चौकों की मदद से 91 रन बनाए जबकि मंतव्य ने महत्वपूर्ण 48 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक जेएंडके ने 2848 रन बनाए जिससे जेएंडके विजयी घोषित किया गया। शौर्य चौहान को मैन आफ दी मैच से नवाजा गया। चंडीगढ़ के मार्कंडेय पंचाल को प्लेयर आफ दी टूर्नामेंट तथा बेस्ट बैटर जबकि जेएंडके जीवेश गुप्ता को बेस्ट बालर के खिताफ से सम्मानित किया गया।विजेता और उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को हरियाणा विधान सभा के स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन और डीएवी कॉलेज की प्रिंसिपल रीटा जैन सहित आमंत्रित अतिथियों की मौजूदगी में सम्मानित किया।

## विश्व कप में भारत के अजेय प्रदर्शन पर शेन वॉटसन

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2023।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने गुरुवार को घरेलू मैदान पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में अपराजित प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया की सराहना की और मौजूदा भारतीय टीम की तुलना ऑस्ट्रेलिया की 2003 से की। 2007 विश्व कप जीतने वाली टीमें बिना किसी कमजोरी के कितनी प्रभावी रहीं।



भारत गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच में श्रीलंका से भिड़ेगा। मेन इन ब्लू छह मैचों में छह जीत के साथ अब तक अपराजित है, जबकि एसएल संघर्ष कर रहा है, उसने अपने छह मैचों में से केवल दो जीते हैं।

खेल से पहले एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में, वॉटसन ने भारत के विश्व कप प्रदर्शन, ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप प्रदर्शन और मध्य क्रम की बल्लेबाजी, विराट कोहली द्वारा सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतक के रिकॉर्ड का पीछा करने और लीजेंड्स लीग क्रिकेट पर चर्चा की।÷भारत इतना प्रभावशाली रहा है। बिना किसी कमजोरी वाली टीम को देखना बेहद प्रभावशाली है। हार्दिक पंड्या के साथ, यह पूरी तरह से संपूर्ण पैकेज है। हार्दिक के बिना, इसका मतलब है कि उन्हें दो खिलाड़ियों को लाना होगा। हार्दिक एक ऐसा माध्यम है- तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर और एक में दो खिलाड़ी। लेकिन सकारात्मक बात यह है कि मोहम्मद शमी को मौका मिला और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। वह आश्चर्यजनक रूप से अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। अगर हार्दिक वापस आते हैं, तो उन्हें मोहम्मद सिराज और के बीच निर्णय लेना पड़ सकता है। शमी। संभावित रूप से यह निर्णय लेना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। यह वास्तव में अमीरों के लिए शर्मिंदगी की बात है अगर उन्हें वास्तव में यह निर्णय लेना है क्योंकि सिराज ने भी टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी की है, ÷वॉटसन ने एएनआई से कहा।

शमी (न्यूजीलैंड के खिलाफ 5/54 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दो मैचों में नौ विकेट) अब तक खेले गए केवल दो विश्व कप मैचों में सुपर प्रभावशाली रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 22 रन देकर 4 विकेट भी लिए थे. शमी का औसत 8.44 और इकोनॉमी रेट महज 4.47 है. सिराज ने छह मैचों में छह विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/50 का है। सिराज का औसत 48.33 का जबरदस्त और इकॉनमी रेट 5.85 का है.



## फिल्म सैम बहादुर से विक्की कौशल की नई झलक आई सामने

मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म सैम बहादुर पिछले लंबे समय से सुर्खियों में है।इसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो भारत के महानतम युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ का जीवन पर्दे पर उतारने वाले हैं।राजी के बाद मेघना और विक्की के बीच यह दूसरी फिल्म है।अब विक्की ने सैम बहादुर से अपनी नई झलक दिखाई है, जिसमें वह दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं।

विक्की ने इंस्टाग्राम पर सैम बहादुर से अपना लुक साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, सैम यहां है। बस महीना और।सैम बहादुर 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। टिकट खिड़की पर इस फिल्म का मुकाबला रणबीर कपूर की एनिमल से होगा।सैम बहादुर में सान्या मल्होत्रा मानेकशॉ की पत्नी सिल्लू मानेकशॉ की भूमिका में नजर आएंगी।फातिमा सना शेख को श्रीमती इंदिरा गांधी के रूप में देखा जाएगा।

सैम बहादुर में विक्की भारत के महानतम युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ का जीवन पर्दे पर उतारने वाले हैं।1971 के भारत-पाक युद्ध में उनकी सैन्य जीत के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 1972 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया।1973 में मानेकशॉ को फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया।1973 में सेना प्रमुख के पद से रिटायर होने के बाद वह वेलिंगटन चले गए, जहां 2008 में उनका निधन हो गया।

## रेड लहंगा-चोली पहन नेहा मलिक ने कातिलाना अदाओं से ढाया कहर



भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल मचल देती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में नेहा मलिक ने अपना रिवीलिंग लहंगा पहनकर बेहद ही हॉट फोटज क्लिक करवाई हैं। इन तस्वीरों में उनके स्टाइलिश ब्लाउज ने सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस नेहा मलिक का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की बोल्ड अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। उनकी हर एक सिजलिंग और हॉट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सोशल मीडिया पर बीच तबाही मचा दी है। नेहा मलिक ने अपनी लेटेस्ट फोटोज क्लिक करवाते समय एक से बढ़कर एक किलर किलर पोज दिए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नेहा मलिक कैमरे के सामने अपनी बलखाती हुई कमर फ्लॉन्ट करते हुए लोगों को अपना दीवाना बना रही हैं। अभिनेत्री ने चमचमाता हुआ रेड लहंगा पहना हुआ है और साथ ही डीपनेक ब्लाउज से अपने इस लुक को टीम अप किया है। सिर पर मांगटिका, माथे पर बिंदी, कानों मे झुकमें, गले में नेकलेस, खुले बाल और मिनिमल मेकअप करे के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक अपने चाहने वालों को हमेशा अपने लुक से मदहोश कर देती हैं। उनकी ये ही अंदाज इंटरनेट पर काफी ट्रेंड भी करता है।

## ऋतिक रोशन को पसंद आ गई कृष 4 की स्क्रिप्ट

पिछले लंबे समय से दर्शक ऋतिक रोशन की सुपरहीरो फ्रैंचाइजी कृष की अगली यानी चौथी किस्त का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसकी शूटिंग शुरू नहीं हो पाई है।अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुन कृष 4 का बेसब्री से इंतजार कर रहे दर्शक झूम उठेंगे। ताजा जानकारी के अनुसार, आखिरकार ऋतिक को कृष 4 की स्क्रिप्ट पसंद आ गई है, जिसे अभिनेता के पिता और फिल्म के निर्माता-निर्देशक राकेश रोशन ने लिखा है।ऋतिक अगले साल फरवरी के अंत या मार्च की शुरुआत में कृष 4 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। पिता राकेश द्वारा लिखित इस फिल्म की कहानी ऋतिक को पसंद आ गई है।

एक सूत्र ने बताया, ऋतिक ने फाइटर की शूटिंग खत्म कर ली है और अब उनका पूरा ध्यान कृष 4 पर है। इन दिनों वह जिम में जमकर पसीना बहा रहे हैं। ऋतिक जल्द ही कृष 4 के लिए अपने टेस्ट लुक से गुजरेंगे।कृष फ्रैंचाइजी का पहला भाग कोई मिल गया 2003 में आया था, जिसमें ऋतिक और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद 2006 में कृष आई, जिसमें ऋतिक के साथ प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी बनी। दोनों 2013 में आई कृष 3 में भी थे।काम के मोर्चे पर बात करें तो आने वाले दिनों में ऋतिक फाइटर में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका हैं।इसके अलावा वह वॉर 2 का हिस्सा हैं।




## बिग बॉस 17 के घर से बाहर हुईं सोनिया बंसल



एक्ट्रेस सोनिया बंसल बिग बॉस सीजन 17 के घर से बाहर होने वाली पहली कंटेस्टेंट बन गई हैं। और उन्होंने कहा कि वह वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में वापस आना चाहती है, क्योंकि कई चीजें हैं जो पीछे रह गई हैं, और वह और ज्यादा खेलना चाहती है। शो के मेगास्टार और होस्ट सलमान खान ने घर में हो रही लड़ाइयों पर घरवालों को समझाया और फिर एविक्शन को लेकर चर्चा की। नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में सनी आर्य, सोनिया, ऐश्वर्या शर्मा, नील भट्ट और सना रईस खान शामिल थे। दबंग होस्ट ने पब्लिक के वोटों के रिजल्ट का खुलासा किया और बताया कि सना और सोनिया को सबसे कम वोट मिले हैं। इन दोनों का भाग्य अधर में लटक गया, और यह तय करना घर के सदस्यों पर छोड़ दिया गया कि बिग बॉस के मोहल्ले में कौन रहेगा और कौन बाहर निकलने वाला पहला शख्स होगा। घर के सदस्यों से मिले कम वोटों के कारण, सोनिया बंसल का यह सफर खत्म हो गया। सोनिया, दोस्तों से धोखा खाने और बायस्ड सीजन की पहली शिकार हुई। घर के सदस्यों के अपर्याप्त वोटों के कारण, सोनिया के लिए यह रास्ता ख़त्म हो गया, जिससे वह अपने तथाकथित दोस्तों से धोखा खाने के बाद पक्षपात के सीज़न की पहली शिकार बन गई।शो में अपनी दो सप्ताह की लंबी यात्रा के दौरान, सोनिया ने अपने डांस मूव्स और ग्लैमरस से दर्शकों का एंटरटेन किया। उन्होंने फिरोजा खान उर्फ खानजादी, ऐश्वर्या शर्मा, नील, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, ईशा मालविया और अभिषेक पांडे से दोस्ती की। अपने एविक्शन पर सोनिया ने कहा, मैं जाहिर तौर पर वाइल्डकार्ड के रूप में वापस आना चाहूंगी। मैं और खेलना चाहती हूं, कई चीजें पीछे छूट गई हैं और मैं इस बात से काफी दुखी हूं।एक कंटेस्टेंट के रूप में मन्नारा के बारे में बात करते हुए, सोनिया ने कहा, वह लोगों को अपना दोस्त बनाती है, फिर उनसे बातें कहती है और उनके साथ मिसबिहेव करती है। मुझे लगता है कि फुटेज के लिए यह सब उनका प्लान है। सोनिया ने अंकिता और विक्की के बार में बात करते हुए कहा मैं विक्की के करीब नहीं थी। मैं अंकिता के थोड़ी करीब थी। उनकी निजी जिंदगी में सबकुछ ठीक है। समय की वजह से थोड़ी गलतफहमी हो गई है।

## रिश्वत लेते ईडी अफसर ट्रेप को लेकर ट्वीट कर बोले बघेल

# ED अफसरों की गाड़ी की भी जांच हो

रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। राजस्थान के जयपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां राज्य की एसीबी ने ईडी के एक अफसर को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते के आरोप में गिरफ्तार किया है। नॉर्थ ईस्ट में इंफाल के ईडी आफिसर नवल किशोर मीणा को एसीबी ने कस्टडी में लिया है। बताया जा रहा है कि नवल किशोर के लिए एक बिचौलिया घूस मांग रहा था। घूस लेने वाले को भी एसीबी ने दबोच लिया है। इस पर सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर तंज कसते हुए कहा है कि छापों की आड़ में कहीं ये ÷कमल छाप के स्टार प्रचारक बनकर तो नहीं घूम रहे हैं?



साथ ही सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर हा, जयपुर में ईडी के अफसर रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ है, इसीलिए मैं बार-बार कह रहा हूं कि गलियों-गलियों में घूम रहे इन श्रष्ठ अफसरों की गाड़ी की जरूर जांच की जाए।

### 'सीआरपीएफ के बक्सों की भी हो जांच'

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान देते हुए यह भी कहा है कि स्पेशल विमानों से सीआरपीएफ की टीमें आई है। सीआरपीएफ के वाहनों में बड़े-बड़े बक्से लाए गए हैं। जिसकी कहीं पर जांच नहीं की जा रही है। इन बक्सों में पैसा भी हो सकता है, सीआरपीएफ के वाहनों की भी जांच होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग को इस पर संज्ञान में लेकर जांच करना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ में उतर रहे स्पेशल प्लेन से हो रही बड़ी साजिश,जांच होः सीएम बघेल

सीएम बघेल ने कहा बड़ी साजिश हो रही हैं। निर्वाचन आयोग से अनुरोध है कि जितने भी स्पेशल प्लेन छत्तीसगढ़ में उतर रहे हैं। सबकी जाँच की जाए. आखिर बक्सों में भरकर क्या आ रहा है? छापों के नाम पर आ रही ईडी और सीआरपीएफ के वाहनों की भी जाँच की जाए। प्रदेश के लोगों को आशंका है कि चुनाव हारता देख भाजपा भर-भरकर रुपया ला रही है।

छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को पहले चरण के चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मतदान को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से जवानों की तैनाती की जा रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव होने हैं. इसमें पहले चरण में 20 सीटों पर और दूसरे चरण में 70 सीटों पर वोटिंग की जाएगी।


## गुरुमुख सिंह होरा समेत 3 नेताओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी



रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष रह गए है। इसी कड़ी में रायपुर- विधानसभा चुनाव में सही व्यवस्था और सुचारू रूप से संचालन के लिए पीसीसी मुख्यालय में तीन नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी इंचार्ज बनाए गए हैं। पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा संयोजक बनाए गए हैं। वहीं सुबोध हरितवाल कोऑर्डिनेटर के तौर पर नियुक्त किए गए हैं।

# एफएसटी टीम की कार्रवाई

» **खेल सामग्री रखे गोदाम में मारा छापा,चुनाव में बांटने के लिए रखी गई 500 से अधिक क्रिकेट किट जब्त**



सक्ती,02 नवम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर से शुरू होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे राज्य में आचार संहिता लागू है. जिसके चलते प्रशासन अलर्ट मोड पर है. शांतिपूर्ण चुनाव कराने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई ककर रही है. अब तक राज्य में अलग-अलग जिलों में चेकिंग के दौरान करोड़ों के सोने-चांदी के जेवरात, कैश, साड़ी-कपड़े समेत अन्य सामग्रियां पुलिस ने जब्त की है. इसी कड़ी में सक्ती जिले में उड़न दस्ता ने कार्रवाई करते हुए खेल सामग्री रखे गोदाम में मारा छाप मारा. जहां चुनाव में बांटने के लिए रखी गई क्रिकेट किट जब्त की गई है.

जानकरी के मुताबिक, सक्ती जिले में उड़न दस्ता (एफएसटी) की टीम को एक गोदाम में चुनाव में मतदाताओं को बांटने के लिए खेल सामग्री रखने की सूचना मिली, जिसपर एक्शन लेते हुए टीम ने गोदाम पर छापा मारा. इस दौरान टीम ने मौके से बरामद 500 क्रिकेट किट जब्त कर ली है. जब्त किट की कुल कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई है.

## दो शराब कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी झारखंड की टीम ने दी दबिश




रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। जीवन विहार कॉलोनी तेलीबांधा में दो शराब कारोबारियों के कार्यालय में ईडी ने दबिश दी है, ईडी की यह टीम झारखंड से आई।

सूत्रों के अनुसार झारखंड में हुए आबकारी घोटाले में दोनों कारोबारी की संलिप्तता की खबर है। झारखंड ईडी की टीम कल दोपहर से जांच में जुटी हुई है। बता दें कि झारखंड में सरकारी शराब कारोबार के लिए छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के उपक्रम मार्केटिंग लिमिटेड कंसलटेंसी सर्विस दे रही है। इसके एमडी एपी त्रिपाठी है जो पिछ्ले कई महीनो से जेल में है। आईटीएस सेवा के अफसर श्री त्रिपाठी छत्तीसगढ़ में हुए 2000 करोड़ के शराब घोटाले के प्रमुख आरोपी बनाए गए हैं।

# आधा दर्जन नेता उतरे बगावत पर

### नाम वापसी के दिन भी नहीं हटाए कदम

बिलासपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। सियासी सरगर्मी के बीच नाम वापसी के दिन में तापमान आसमान पर था। आज छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के मतदान के लिए नाम वापसी का आखिरी दिन था। नाम वापसी के आखिरी दिन कई नेताओं ने अपना नाम वापस ले लिया तो कुछ लोगों ने पार्टी से बगावत करके चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है।

बिलासपुर संभाग के अनेक असंतुष्ट नेताओं ने बगावत करने का फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ में चुनावी बिसात बिछ चुके हैं, जिसके बाद से सियासी गलियारों में घमासान मचा हुआ है। चुनावी साल में जहां एक ओर वादों और दावों की बरसात हो रही है तो दूसरी ओर केंद्रीय नेताओं का छत्तीसगढ़ दौरा भी लगातार जारी है। वहीं कांग्रेस दूसरी बार सत्ता में आने के लिए पुरजोर लगा रही है।

### बगावत की राह में



मस्तूरी से भाजपा की बागी चांदनी भारद्वाज जेसीसीजे से लड़ेंगी चुनाव
मस्तूरी से बसपा के दाऊ राम रत्नाकर लड़ेंगे चुनाव
बिल्हा से कांग्रेस की बागी नेहा भारती जेसीसीजे से लड़ेंगी चुनाव
लोरमी से कांग्रेस के बागी सागर सिंह जेसीसीजे से लड़ेंगे चुनाव
पामगढ़ से कांग्रेस के बागी गोरेलाल बर्मन जेसीसीजे से लड़ेंगे चुनाव
पाली तानाखार से तुलेश्वर सिंह मरकाम गोंगपा से लड़ेंगे चुनाव
मरवाही से कांग्रेस के बागी गुलाब सिंह राज जेसीसीजे से लड़ेंगे चुनाव

दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर का है, जिसके लिए आज नाम वापसी का आखिरी दिन था। नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के पास नाम वापसी के लिए 3 बजे तक का समय था।

# एक और आप प्रत्याशी ने दिया झटका,वापस लिया नामांकन

पलारी,02 नवम्बर 2023(ए)। चुनाव से पहले बहुत से समीकरण बनते बिगड़ते है, लेकिन ऐन वक्त पर आम आदमी पार्टी को उसके ही प्रत्यासी ने ही झटका दे दिया है, कसडोल विधान सभा से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी लेख राम साहू ने अपना नाम वापस ले लिया है।



भाजपा, कांग्रेस, बसपा, जोगी कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी भी इस बार छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा में चुनाव लड़ रही है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी का आज आखिरी दिन है। बताया जा रहा है कि, लेखराम साहू को बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा अपने साथ सीएम बघेल से मिलवाने के लिए लेकर कहीं निकल गए हैं। साहू के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

बताया जा रहा है कि, कांग्रेस में शामिल करवाने में बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। कसडोल से आप के घोषित प्रत्याशी लेखराम साहू से उनकी पार्टी के कार्यकताओं-नेताओं से संपर्क नहीं हो पा रहा है। हालांकि पार्टी के पदाधिकारी अभी इस मामले में कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।



# नक्सलियों ने चार ग्रामीणों की हत्या की

कांकेर-रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। राज्य में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले नक्सलियों ने अपना आतंक फैलाना फिर से शुरू कर दिया है। देर रात नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी और लाश को गांव में ही फेंक दिया। तीनों ग्रामीण अलग-अलग गांवों के रहने वाले थे।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि तीनों मृतक आपस में रिश्तेदार थे। तीन ग्रामीणों की नक्सलियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के बाद से ही दहशत व्यास हो गया है। नक्सलियों ने मृतकों पर पुलिस की मुखबीरी का आरोप लगाकर इस वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक चार दिन पहले ग्रामीणों को घर से नक्सली उठाकर ले गये थे। जिसके बाद अब उनकी हत्या कर दी गयी। घटना छोटेबेठिया थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। हत्या कर नक्सलियों ने मुरखोंडी गांव के पास तीनों के शव को फेंक दिया। शव की सूचना पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और फिर शव को ट्रैकर में लादकर छोटे बेठिया थाना पहुंचे। पुलिस के मुताबिक दिनांक 1-2 नवंबर की दरमियानी रात जिला कांकेर थाना छोटबेटिया के महाराष्ट्र सीमा से लगे गाँव मोरखंडी में ग्रामीणों की हत्या की सूचना मिली थी। नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों को महाराष्ट्र 60 गढ़चिरौली विशेष टीम का मुखबिर बताते हुए हत्या की वारदात की सूचना मिली है। नक्सलियों ने मौके पर मुखबिरी के संबंध में पर्चा फेके है। मारे गए ग्रामीणों का नाम कुल्ले कतलामी 35 वर्ष, मनोज कोवाची 22 वर्ष, डुग्गे कोवाची 27 वर्ष सभी मृतक निवासी मोरखंडी, थाना छोटबेटिया पखांजूर के रहने वाले थे।

# कोटा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह

कोटा,02 नवम्बर 2023(ए)। भाजपा ने बिलासपुर जिले की कोटा विधानसभा से प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को अपना प्रत्याशी बनाया है। प्रबल प्रताप सिंह जूदेव छत्तीसगढ़ की राजनीति के दिग्गज नेता रहे दिलीप सिंह जूदेव के पुत्र हैं। दिलीप सिंह जूदेव के दो पुत्रों शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव और युद्ध वीर सिंह जूदेव की मौत के बाद दिलीप सिंह जूदेव की राजनीतिक विरासत प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के ऊपर है। वह अपने पिता की ही तरह आदिवासी इलाकों में ऑपरेशन घर वापसी चला रहे हैं। छत्तीसगढ़ के



साथी झारखंड उड़ीसा जैसे राज्य में ऑपरेशन घर वापसी के जरिए 10000 लोगों की हिंदू धर्म में वापसी करवा चुके हैं। इस अभियान के तहत वे गांव गांव में घूम कर हिंदू धर्म से अन्य धर्म में जा चुके लोगों के पैर धोकर हिंदू धर्म में वापस लाते हैं।

प्रबल प्रताप सिंह जूदेव 2013 से 2018 तक नगर पालिका परिषद जशपुर के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वे वर्तमान में प्रदेश भाजपा मंत्री भी है। वह पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कोटा विधानसभा से वर्तमान में जनता कांग्रेस की रेणु जोगी विधायक हैं। ज्ञातव्य है कि जूदेव परिवार व जोगी परिवार की पुरानी राजनैतिक प्रतिस्पर्धा है।

# मठ,महंत के समर्थन में 22 प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस

» **महंत रामसुंदर ने कहा- जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो मैं विधायक क्यों नहीं बन सकता**





रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। राजधानी रायपुर की दक्षिण विधानसभा सीट एक बार फिर चर्चा में है। आज नाम वापसी के अंतिम दिन इस सीट से दावेदारी कर रहे अन्य 22 प्रत्याशियों ने पहली बार किसी कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में अपना नाम वापिस लिया है।

रायपुर दक्षिण विधानसभा बीजेपी का गढ़ मान जाता है और 7 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ इस बार महंत रामसुंदर दास कांग्रेस की टिकिट से चुनावी में उतरे हैं। ऐसे में मठ और महंत का प्रभाव छत्तीसगढ़ के हर वर्ग में है। परिणामस्वरूप चुनाव लड़ने वाले 22 ने महंत के समर्थन में नाम वापिस ले लिया। रायपुर दक्षिण से निर्दलीय नामांकन भरने वाले 25 लोगों ने नाम वापस लिए तो महंत रामसुंदर दास ने कहा- ÷जब योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो मैं विधायक क्यों नहीं बन सकता।

यूं तो बीजेपी के सबसे दिग्गज विधायक बृजमोहन अग्रवाल का अजेय गढ़ मन जाता है। क्योंकि सात बार से जित हासिल किये बृजमोहन अग्रवाल को कोई पराजित नहीं कर पाया है। ऐसे में इस बार उनके सामने प्रसिद्ध और सम्मानित दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास को कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा है।

पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी की करारी हार और कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के बाद भी दक्षिण में बीजेपी का वजूद बचा पाने में कामयाब बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन के लिए इस बार लड़ाई जरा टफ है। यह हम नहीं दक्षिण विधानसभा में प्रचार में उतरे बीजेपी-कांग्रेस प्रत्याशी के जनसंपर्क के बाद वोटर्स कह रहे हैं।

## चार आईएएस को छग कैडर मिला

रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। केंद्र सरकार ने आईएएसअफसरों को कैडर बांटे हैं। जारी लिस्ट में चार आईएएस को छग कैडर मिला हैं। जिसमें दुर्गा प्रसाद अधिकारी,अनुपमा आनंद, एम भार्गव और तनमई खन्ना के नाम शामिल हैं। चारों आईएएस दिल्ली, केरल, तेलंगाना के निवासी हैं। छत्तीसगढ़ को चार आईएएस अधिकारी मिलने से प्रतिनियुक्ति में गए अदिकारियों की कुछ हद तक कमी पूरी हो सकेगी।

# निर्वाचन आयोग ने एग्जिट पोल को लेकर मीडिया के लिए जारी किया नोटिफिकेशन




### उल्लंघन करने पर हो सकती है कड़ी कार्रवाई

रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)।चुनाव के दौरान मीडिया घरानों के बीच एग्जिट पोल को लेकर होड़ सी मच जाती है। पूर्व में कई बार तो अनेक मीडिया समूहों द्वारा मतदान से पूर्व ही एग्जिट पोल का प्रकाशन या प्रसारण कर दिया जाता था। यही वजह है कि एग्जिट पोल के लिए चुनाव आयोग को कड़े निर्देश जारी करने पड़ते हैं। इस बार तो केंद्रीय चुनाव आयोग ने इसके लिए बाकायदा अधिसूचना जारी की है। इसी अधिसूचना को छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित करके नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें संबंधित धाराओं का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि जो भी शख्स इस संबंध में जारी नोटिफिकेशन का उल्लंघन करेगा, उसे दो वर्ष का कारावास या जुर्माना या फिर दोनों सजाओं से दण्डित किया जा सकता है।

## राज्य जीएसटी विभाग की उपहार सामग्री के गोदामों में दबिश

रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य जीएसटी विभाग में सर्तकता और कार्रवाई बढ़ा दी है। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने लिए बांटे जाने वाले सामानों के परिवहन पर विभाग की पैनी नजर है।



विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए उपहारों का वितरण न किया जा सके, इसके लिए खास इंतजामात किए गए हैं, विभिन्न दल जहां चेकपोस्ट पर तलाशी अभियान चला रहे हैं तो वहीं उपहारों के गोदामों की भी तलाशी ली जा रही है।

विभाग ने अधिकारियों की 24 टीमों को अन्य राज्यों की सीमाओं से सटे रास्तों पर 24 घंटे वाहनों की जांच के लिए नियुक्त किया गया है और पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की जांच की जा रही है।

राज्य कर आयुक्त द्वारा अपने अधिकारियों को पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों से समन्वय करने और संयुक्त जांच करने की हिदायत भी दी गई है। राज्य के भीतर भी 15 टीमों के द्वारा ई-वे बिल की जांच लगातार की जा रही है। राज्य कर विभाग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 तक कुल 10 करोड का माल जब्त किया जा चुका है।

विभाग की नजर रेलवे और बसों से भेजे जाने वाले सामानों पर भी है। रेलवे से परिवहित माल पर भी गलती पाये जाने पर इस दौरान 40.81 लाख की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। चुनाव में मुफ्त बांटे जाने वाले सामान की धरपकड़ सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले गोदामों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है।

बताया गया है कि अब-तक 377 गोदामों की जांच करके स्टॉक में अंतर पाये जाने पर व्यापारियों को 21.05 लाख रुपये जमा कराये गये हैं। विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन का सहयोग निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में किया जा रहा है और निर्वाचन कार्य में लगे एसएसटी और एफएसटी में सभी जिलों में अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति गई है और उनके द्वारा जांच में प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है।

## शराब दुकानों के रजिस्टरों की आबकारी आयुक्त ने की जांच

रायपुर,02 नवम्बर 2023(ए)। पहले चरण के चुनाव से पहले शराब में अवैध खरीदी - बिक्री को रोकने के लिए शासन ने शराब दुकानों की सघन जांच कर रजिस्टर में आवक-जावक संबधी इंटियों का अवलोकन किया। आबकारी विभाग के सचिव सह आयुक्त ने रायपुर जिले की शराब दुकानों का निरीक्षण किया।

इस दौरान दुकानों के संचालन संबंधी जारी दिशा-निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए उनके अनुरुप दुकानों के नाम, दुकान खुलने एवं बंद होने का समय, मूल्य सूची, मदिरा विक्रय दर, मदिरा की स्केनिंग प्रक्रिया, संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने दुकानों में सी.सी.टी.व्ही. कैमरों निरतर संचालित करने, दुकानों में समस्त अभिलेखों को संधारित करने निर्देश दिए।आबकारी विभाग के सचिव सह आयुक्त द्वारा रायपुर जिले के मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकानों के संचालन संबंधी शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए उनके अनुरुप मदिरा दुकानों के नाम, दुकान खुलने एवं बंद होने का समय, मूल्य सूची, मदिरा विक्रय दर, मदिरा की स्केनिंग प्रक्रिया, संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने दुकानों में सी.सी.टी.व्ही. कैमरों निरतर संचालित करने, दुकानों में समस्त अभिलेखों को संधारित करने निर्देश दिए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)